दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर 3 | आंचलिक 4 | अभिव्यक्ति 6 | छत्तीसगढ़ 7 | खेल/बिजनेस

RNI NO.MPHIN/2020/81503 जबलपुर, रविवार 14 जनवरी 2024 वर्ष-4 अंक-02 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए जबलपुर, भोपाल, रायपुर, बिलासपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

जिस तरह अदालतो से तारीख पर तारीख मिलती है उसी तरह ईडी समन पर समन भेजती रहती है। उसके समन को आरोपी नेता रद्दी की टोकरी के हवाले कर देते हैं। केन्द्रीय जांच एजेंसियों की कार्यवाही को राजनीति प्रेरित बताते हैं ऐसी कार्यवाही से न डरने का दम भरते है। ईडी ने नई दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अब चौथा समन भेजा है। वे पहले ही तीन समन को गैर कानूनी करार दे चुके है। ऐसे में वे चौथे समन को भी ठेंगें पर ही रखेंगे। भले ही ईडी समन का शतक बना ले अरविंद केजरीवाल की बला से।

मॉरीशस में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर 2 घंटे छुट्टी

नई दिल्ली। मॉरीशस की सरकार ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर 22 जनवरी को हिंदू धर्म मानने वाले कर्मचारियों के लिए 2 घंटे की छुट्टी की घोषणा की है। इस दौरान वे स्थानीय कार्यक्रमों में भाग ले सकेंगे। मॉरीशस की कैबिनेट ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। कैबिनेट की तरफ से जारी किए प्रस्ताव में कहा गया है कि 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन एक ऐतिहासिक घटना है। यह अयोध्या में भगवान राम की वापसी का प्रतीक है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए 22 जनवरी को दोपहर 2 बजे से हिंदुओं को दो घंटे की स्पेशल छुट्टी दी जाएगी। मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जुगनाथ ने कैबिनेट के इस फैसले पर कहा कि ये हिंदुओं की भावनाओं और परंपराओं का सम्मान करने के लिए छोटी सी कोशिश है।

मुंबई से गुवाहाटी जा रही फ्लाइट की बांग्लादेश में लैंडिंग

मुंबई। मुंबई से गुवाहाटी जा रही इंडिगो की फ्लाइट 6ई 5319 शुक्रवार की रात 8:20 बजे उड़ाने भरने वाली थी। इसे रात 11:10 बजे गुवाहाटी पहुंचना था। हालांकि मुंबई से ही यह फ्लाइट 11:12 बजे चली थी। मुंबई से गुवाहाटी जाने वाली इंडिगो फ्लाइट की शनिवार (13 जनवरी) को बांग्लादेश के ढाका में लैंडिंग कराई गई। गुवाहाटी में घने कोहरे के कारण फ्लाइट लैंड नहीं हो सकी और उसे डायवर्ट किया गया। इस फ्लाइट में 178 पैसेंजर्स सवार थे। चूंकि डोमेस्टिक फ्लाइट होने के कारण सभी यात्री बिना पासपोर्ट के सफर कर रहे थे, इसलिए ढाका में उन्हें फ्लाइट से उतरने की इजाजत नहीं मिली। इसके कारण यात्रियों को 12 घंटे फ्लाइट के अंदर ही बैठना पड़ा। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, मुंबई से गुवाहाटी जा रही इंडिगो की फ्लाइट 6ई 5319 शुक्रवार की रात 8:20 बजे उड़ाने भरने वाली थी।

नीतिश के इंकार के बाद खड़गे बने 'इंडिया' के चेयरपर्सन

अब पार्टी प्रमुखों की बनेगी एक टीम, बैठक से ममता, उद्धव और अखिलेश ने बनाई दूरी

नई दिल्ली (एजेंसी)। विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की वर्चुअल बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को चेयरपर्सन बनाया गया है। हालांकि अभी आधिकारिक घोषणा बाकी है। वहीं संयोजक की नियुक्ति न करने पर सहमति बनी है। मीटिंग खत्म करने के बाद पुणे में शरद पवार ने कहा- इंडिया ब्लॉक के सदस्यों के बीच संयोजक की नियुक्ति को लेकर कोई विवाद नहीं है। मीटिंग में नीतीश कुमार का नाम संयोजक के लिए सुझाया गया था। बाद में सहमति बनी कि, पार्टी प्रमुखों की एक टीम बनाई जानी चाहिए। संयोजक नियुक्त करने की जरूरत नहीं है। सूत्रों के मुताबिक, नीतीश कुमार को संयोजक बनाने का प्रस्ताव दिया गया था, लेकिन बिहार के सीएम ने मना कर दिया। इसकी पुष्टि बिहार के मंत्री संजय झा ने भी की। करीब दो घंटे तक चली इस बैठक में सीटों के बंटवारे पर भी चर्चा हुई। लोकसभा चुनाव को लेकर पवार ने कहा- गठबंधन को वोट मांगने के लिए किसी एक चेहरे को पेश करने की जरूरत नहीं है। क्योंकि नेता कोई भी हो सकता है। यह इलेक्शन रिजल्ट घोषित होने के बाद चुना जाएगा।

उधर मीटिंग खत्म करने के बाद पुणे में शरद पवार ने कहा- पार्टियों के बीच संयोजक की नियुक्ति को लेकर कोई विवाद नहीं है। मीटिंग में नीतीश कुमार का नाम संयोजक के लिए सुझाया गया था। बाद में सहमति बनी कि, पार्टी प्रमुखों की एक टीम बनाई जानी चाहिए। संयोजक नियुक्त करने की जरूरत नहीं है।

लोकसभा चुनाव को लेकर पवार ने कहा- गठबंधन को वोट मांगने के लिए किसी एक चेहरे को पेश करने की जरूरत नहीं है। क्योंकि नेता कोई भी हो सकता है। यह इलेक्शन रिजल्ट घोषित होने के बाद चुना जाएगा।

नीतीश गठबंधन के निर्माता, ये पद संयोजक से बड़ा: जेडीयू

त्यागी ने बताया- वर्चुअल मीटिंग में नीतीश कुमार को संयोजक बनाने का प्रस्ताव रखा गया था लेकिन उन्होंने इसे ठुकरा दिया। नीतीश गठबंधन के निर्माता हैं और यह पद संयोजक से बड़ा होता है। प्रधानमंत्री चेहरे के सवाल का जवाब देते हुए त्यागी बोले- पहले चुनाव रिजल्ट घोषित हो जाए उसके बाद इस पर बात करेंगे।

तृणमूल प्रमुख और पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी, शिवसेना के उद्धव ठाकरे और समाजवादी पार्टी नेता अखिलेश यादव मीटिंग में शामिल नहीं हुए। सीट शेयरिंग के मुद्दे पर ममता ने पहले से ही कांग्रेस से दूरी बना रखी है। वह कांग्रेस को बंगाल में 2 सीटें देने पर अड़ी हैं।

खड़गे ने गठबंधन दलों को न्याय यात्रा में शामिल होने का न्यौता दिया

INDIA ब्लॉक के नेताओं ने आज ऑनलाइन मुलाकात की और गठबंधन पर सार्थक चर्चा की। हर कोई इस बात से खुश है कि सीट बंटवारे पर बातचीत सकारात्मक तरीके से आगे बढ़ रही है। हमने सभी दलों को अपनी सुविधानुसार भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने का न्यौता दिया है।

उधर बैठक में शामिल नहीं होने पर तृणमूल सूत्रों ने कहा कि उन्हें बैठक की जानकारी काफी देर से मिली और ममता के कार्यक्रम पहले से तय थे। इसलिए वह बैठक में शामिल नहीं हो रही हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, ये बैठक कुछ दिन पहले होनी थी, लेकिन किसी वजह से ऐन मौके पर रद्द हो गई थी। ये पहला शेष पृष्ठ 5 पर

मीटिंग में 9 विपक्षी दल शामिल हुए

28 दलों के इस गठबंधन में सिर्फ 9 पार्टियां ही वर्चुअल बैठक में शामिल हुईं। मीटिंग में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, लालू यादव और तेजस्वी यादव, बिहार के सीएम नीतीश कुमार, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, उमर अब्दुल्ला (नेशनल कॉन्फ्रें स), सीताराम येचुरी (सीपीआई-एम), डी राजा (सीपीआई), शरद पवार (एनसीपी) और डीएमके की तरफ से तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन जुड़े।

न्याय यात्रा में शामिल होने कांग्रेस ने दिया न्यौता

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के नेताओं ने आज ऑनलाइन मुलाकात की और गठबंधन पर सार्थक चर्चा की। हर कोई इस बात से खुश है कि सीट बंटवारे पर बातचीत सकारात्मक तरीके से आगे बढ़ रही है। हमने सभी दलों को अपनी सुविधानुसार भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने का न्यौता दिया है।

राष्ट्रीय लक्ष्यों के लिए मिलती है आध्यात्मिक जगत के लोगों से ऊर्जा: पीएम मोदी

नई दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत को एक विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने के लक्ष्य सिद्ध करने के प्रयासों को आध्यात्मिक जगत के लोगों से ऊर्जा मिलती है। पीएम मोदी चारण समाज द्वारा पूज्य आई श्री सोनल मां के तीन दिवसीय जन्म शताब्दी महोत्सव के उपलक्ष्य में एक वीडियो संदेश में कहा, आज जब भारत विकसित होने के लक्ष्य पर, आत्मनिर्भर होने के लक्ष्य पर काम कर रहा है, तो आई श्री सोनल मां की प्रेरणा, हमें नयी ऊर्जा देती है। इन लक्ष्यों की प्राप्ति में चारण समाज की भी बड़ी भूमिका है। यह महोत्सव इस समाज के आस्था के केंद्र मढड़ा धाम में आयोजित किया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि श्री सोनल मां देश के लिये, चारण समाज के लिये, माता सरस्वती के सभी उपासकों के लिये महान योगदान की महान प्रतीक हैं। भागवत पुराण जैसे ग्रन्थों में चारण समाज को सीधे श्रीहरि की संतान कहा गया है। इस समाज पर माँ सरस्वती का विशेष आशीर्वाद भी रहा है। इसीलिये, इस समाज में एक से एक विद्वानों ने परंपरा अविरत चलती रही है। मोदी ने कहा कि सोनल मां के दिये गये 51 आदेश,

चारण समाज के लिये दिशादर्शक और पथदर्शक हैं। चारण समाज को इसे याद रखना चाहिये और समाज में जागृति लाने का काम निरंतर जारी रखना चाहिये। उन्होंने कहा, ÷मुझे बताया गया है कि, सामाजिक समरसता को मजबूत करने के लिये मढड़ा धाम में सतत सदाव्रत का यज्ञ भी चल रहा है। उन्होंने इस प्रयास की सराहना की और विश्वास जताया कि मढड़ा धाम राष्ट्र निर्माण के ऐसे अनगिनत अनुष्ठानों को गति देता रहेगा। चारण समाज के लोग मूलतः गुजरात-सौराष्ट्र क्षेत्र के निवासी हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, गुजरात और सौराष्ट्र की धरती महान संतों और विभूतियों की भूमि रही है। सौराष्ट्र की इस सनातन संत परंपरा में श्री सोनल मां आधुनिक युग के लिये प्रकाश स्तम्भ की तरह थीं। उनकी आध्यात्मिक ऊर्जा, उनकी मानवीय शिक्षायें, उनकी तपस्या, इससे उनके शेष पृष्ठ 5 पर

'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' की आज मणिपुर से शुरुआत

नई दिल्ली (एजेंसी)। देश की दोनों ही बड़ी पार्टी बीजेपी और कांग्रेस ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कमर कस ली है। दोनों ही पार्टियों ने आम चुनाव के लिए रणनीति बनाने के साथ-साथ उस पर अमल भी करना शुरू कर दिया है। बीजेपी राम मंदिर के मुद्दे के साथ इस बार आम चुनाव में अपनी बाजी खेलेगी तो वहीं कांग्रेस भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के माध्यम से अपने वोट बैंक को साधने का प्रयास कर रही है। कांग्रेस पार्टी 'भारत जोड़ो यात्रा' के बाद अब 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के साथ जनता से जुड़ने का प्रयास करेगी। कांग्रेस की यह यात्रा

आज (14 जनवरी) से मणिपुर के थौबल से शुरू होगी। राहुल गांधी इस 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' का नेतृत्व करेंगे। यह यात्रा 20 मार्च 2024 को मुंबई में खत्म होगी। इस यात्रा के दौरान राहुल गांधी 15 राज्यों के 110 जिलों में लोगों से मुलाकात करेंगे।

खोंगजोम युद्ध स्मारक जाएंगे राहुल

शनिवार को पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में रविवार को मणिपुर से 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' की शुरुआत होगी। इससे पहले राहुल गांधी खोंगजोम युद्ध स्मारक जाएंगे, जिसका उद्घाटन पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने किया था। जयराम रमेश ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अमृतकाल के सुनहरे सपने दिखा रहे हैं, लेकिन हकीकत है कि 'पिछले 10 साल, अन्याय के काल' शेष पृष्ठ 5 पर

संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से

नई दिल्ली (वार्ता)। संसद का बजट सत्र बुधवार 31 जनवरी को प्रारंभ होगा और नौ फरवरी शुक्रवार तक चलेगा और इस दौरान दोनों सदनों की आठ बैठकें होगी। लोकसभा एवं राज्यसभा के सचिवालय की ओर से जारी अलग-अलग विज्ञप्ति में बताया गया है कि सत्र के पहले दिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को लोकसभा कक्ष में पूर्वाह्न ग्यारह बजे संबोधित करेगी। एक फरवरी को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण वर्ष 2024-25 के लिए सरकार के आय-व्यय के अनुमान प्रस्तुत करेगी।

मुरैना में कोहरे की वजह से 6 गाड़ियां टकराईं: ग्वालियर, भोपाल समेत आधे प्रदेश में छाई धुंध

भोपाल/नवप्रदेश। मध्यप्रदेश में मौसम ने फिर करवट बदली है। सुबह कोहरा छा रहा है तो रातें ठंडी हैं। दिन में टेम्प्रेचर में बड़ोतरी देखने को मिल रही है। शनिवार को ग्वालियर-भोपाल समेत आधे प्रदेश में मध्यम से घना कोहरा छाया रहा। मुरैना में नेशनल हाईवे - 44 पर जडेरुआ गांव के पास कोहरे की वजह से 6 गाड़ियां एक-दूसरे से टकरा गईं। अच्छी बात यह है कि जनहानि नहीं हुई, न ही किसी को गंभीर चोट आई।

प्रदेश में शुक्रवार रात सबसे ठंडा दतिया रहा। यहां न्यूनतम पारा 4.9 डिग्री पहुंच गया। नौगांव और

रीवा में 5.5, खजुराहो में 6, ग्वालियर में 6.5, सतना में 6.9, सीधी में 7, उमरिया में 8.1 डिग्री न्यूनतम तापमान रहा। प्रदेश के बाकी शहरों में रात का पारा 10 डिग्री से ऊपर रहा। सबसे ज्यादा 16.2 डिग्री इंदौर में रिकॉर्ड हुआ। पचमढ़ी में यह 10 डिग्री रहा।

वहीं, शुक्रवार को दिन में भी दतिया सबसे ठंडा रहा। यहां दिन का तापमान 21.1 डिग्री दर्ज किया गया।

इसलिए बदला मौसम

IMD, भोपाल के सीनियर वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि अभी वेस्टर्न डिस्टरबेंस अफगान-ईरान के आसपास है। इस वजह से विंड पैटर्न बदल गया है। राजस्थान के आसपास चक्रवात की एक्टिविटी है। इन वजहों से अगले 2 से 3 दिन तक कोहरा रहेगा। इसके बाद रात के टेम्प्रेचर में कुछ गिरावट हो सकती है, लेकिन शेष पृष्ठ 5 पर

महाराष्ट्र में कांग्रेस को झटका, शिंदे गुट में शामिल होंगे मिलिंद देवड़ा

मुंबई (एजेंसी)। कांग्रेस नेता मिलिंद देवड़ा अपने समर्थकों के साथ महाराष्ट्र सीएम एकनाथ शिंदे गुट की शिवसेना में शामिल होने जा रहे हैं। उन्होंने शनिवार (13 जनवरी) को यह घोषणा की है। हालांकि, विधायक अमीन पटेल ने कांग्रेस छोड़ने से साफ इनकार कर दिया है। कुछ दिन पहले ही देवड़ा ने शिंदे गुट में शामिल होने की अटकलों को खारिज किया था। उन्होंने कहा था कि वे कांग्रेस छोड़कर कहीं नहीं जाएंगे। देवड़ा के साथ कुछ पूर्व नगरसेवक शिंदे

गुट में शामिल होंगे। समें मौजूदा विधायक अमीन पटेल का भी जिक्र था, लेकिन उन्होंने साफ कर दिया है कि वह कांग्रेस नहीं छोड़ेंगे। मिलिंद देवड़ा दिवंगत कांग्रेस नेता शेष पृष्ठ 5 पर

सीईसी-ईसी की नियुक्ति वाले नए कानून पर रोक नहीं, केंद्र सरकार को नोटिस

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईयी) और अन्य चुनाव आयुक्तों (ईसी) की नियुक्ति वाले नए कानूनों पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है।

हालांकि, पीठ ने एक्ट के प्रावधानों की वैधता की जांच करने पर सहमति जताई है। सुप्रीम कोर्ट नए कानूनों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था। ये याचिका कांग्रेस कार्यकर्ता जया ठाकुर ने दाखिल

की थी। पीठ ने इन याचिकाओं पर केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा। दरअसल, नए कानून के मुताबिक आयुक्तों की नियुक्ति तीन सदस्यों का पैनल करेगा। इसमें प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष का नेता और एक कैबिनेट मंत्री शामिल होंगे। इस बिल को राज्यसभा में पेश किए जाने के समय विपक्षी दलों ने आपत्ति शेष पृष्ठ 5 पर

शराब घोटाले में केजरीवाल को ईडी ने चौथा समन भेजा

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली शराब घोटाले में ईडी ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को फिर से समन भेजा है। जांच एजेंसी ने उन्हें 18 जनवरी को पूछताछ के लिए बुलाया है। सीएम केजरीवाल को ईडी का यह चौथा समन है। इससे पहले उन्हें 3 जनवरी और पिछले साल 2 नवंबर और 21 दिसंबर को पूछताछ के लिए बुलाया था। तीनों बार केजरीवाल जांच एजेंसी के सामने पेश नहीं हुए थे। केजरीवाल की ओर से 3 जनवरी को ईडी से कहा गया था

कि वे राज्यसभा चुनाव और गणतंत्र दिवस की तैयारियों में व्यस्त हैं। उनसे जो भी पूछना हो लिखित में भेज दें। इसके पहले 2 नवंबर को केजरीवाल ने ईडी के समन को शेष पृष्ठ 5 पर

गरमा-गरम

लोकार्पण — शहडोल में एक करोड़ रूपए लागत से निर्मित स्पोर्ट्स काम्पलेक्स लोकार्पित

शहडोल में खुलेगा नया शासकीय महाविद्यालय - मुख्यमंत्री डॉ. यादव

मोटे अनाजों (श्री अन्न) और सहजन के उत्पादन को बड़ावा दिया जाएगा

आहार अनुदान योजना में हितग्राहियों को 29.11 करोड़ रूपए की राशि अंतरित

भोपाल/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि शहडोल में नया शासकीय महाविद्यालय प्रारंभ किया जाएगा। इस अंचल के विकास के विशेष प्रयास होंगे। आदिवासी बहुल शहडोल संभाग तीव्र गति से प्रगति करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज शहडोल में आहार अनुदान योजना में पात्र परिवारों को

राशि अंतरण और अन्य विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन के समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नई शिक्षा नीति लागू करने में मध्यप्रदेश देश में अग्रणी रहा है। नए महाविद्यालय और विश्वविद्यालय आने वाली पीढ़ी के लिए विकास के नए द्वार खोलते हैं। शहडोल अंचल में शैक्षणिक सुविधाएं बड़ाई जाएंगी, जिससे जनजातीय समाज के युवा उच्च शिक्षित होकर नए-नए रोजगारों से जुड़ेंगे। इस क्षेत्र में सहजन अर्थात् मुनगा का भी उत्पाद काफी मात्रा में होता है। स्वाद और सेहत में बेजोड़ माने गए सहजन को अन्य प्रदेशों तक भेजा जाता है। इसके उत्पादन को पहचान दिलवाने और उत्पादकों को लाभान्वित करने के लिए योजना पर अमल किया जायेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आहार अनुदान योजना में मध्य प्रदेश के ऐसे 14 जिलों जहां बैगा, भारिया और सहरिया विशेष पिछड़ी जनजाति के लोग बहुतायत से रहते हैं, कुल 29 करोड़ 11 लाख रुपए की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शहडोल में विभिन्न 16 कार्यों का लोकार्पण और भूमि पूजन भी किया। लोकार्पित कार्यों की लागत 35 करोड़ 94 लाख रुपए है। जिन कार्यों का शिलान्यास हुआ उनकी लागत 15 करोड़ 55 लाख रुपए है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के जनजाति बहुल विकासखंडों में विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग व्यवस्था भी की जाएगी। शेष पृष्ठ 5 पर

देश की सबसे बड़ी फ्लोटिंग स्क्रीन पर दिखाया जाएगा प्राण-प्रतिष्ठा का ऐतिहासिक कार्यक्रम

अयोध्या। सीएम योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में नव्य, भव्य व दिव्य अयोध्या सज चुकी है। महज 9 दिन बाद दुनिया उस पल का दीदार करेगी, जिसका 500 वर्षों से इंतजार था। आयोजन भव्यतम है तो इसका दीदार भी दिव्यतम होना चाहिए। इसी परिकल्पना के साथ योगी सरकार की मंशानुरूप यहां फ्लोटिंग स्क्रीन का निर्माण कराया जा रहा है। दावा है कि यह देश की सबसे बड़ी फ्लोटिंग स्क्रीन है, जो अयोध्या के विकास गाथा की अलग कहानी भी बयां करेगी। इसके लिए नगर निगम व सेंचुरी हॉस्पिटैलिटी-मेगावर्स एसोसिएट के मध्य अगस्त में एमओयू हुआ था। इस पर 22 जनवरी को

श्रीराम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा और उसके बाद अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों को करीब से आगंतुक-पर्यटक व स्थानीय नागरिक देख सकेंगे। योगी आदित्यनाथ की सांस्कृतिक अयोध्या सजाने की थीम को इसके जरिए देश-दुनिया से आने वाले अधिक से अधिक लोग जानें, ऐसा प्रयास हो रहा है।

दावा- यह देश की सबसे बड़ी स्क्रीन

इसका निर्माण कराने वाली कंपनी के प्रबंध निदेशक अक्षय आनंद ने बताया कि यह देश की अब तक की सबसे बड़ी फ्लोटिंग स्क्रीन होगी। 1800 स्क्वायर फीट की वेसेल का निर्माण इंडियन रजिस्टर ऑफ शिपिंग की देखरेख में चल रहा है। इसकी स्क्रीन 1100 स्क्यवायर फ़ीट की होगी। अयोध्या के चौधरी चरण सिंह घाट पर नवंबर के प्रथम सप्ताह में इसका निर्माण शुरू हुआ था, बाद में इसे आरती घाट पर लगाया जाएगा। इसके लिए नगर निगम से अगस्त में एमओयू किया गया था।

रिकॉर्ड समय में पूरा होगा काम

आनंद के मुताबिक इसके निर्माण में काफी समय लगता है। इसमें विशाखापट्टनम के 60-70 से कारीगर लगे हैं। रात-दिन काम कराकर इसे रिकॉर्ड समय (19 जनवरी) में पूरा करा लिया जाएगा। पीएम मोदी व सीएम योगी के मेड इन इंडिया की अवधारणा के अनुरूप ही इस पर काम हो रहा है। अभी यह बायोडीजल से संचालित की जाएगी, लेकिन योजना है कि अग्रिम दिनों में इसे सोलर से संचालित किया जाए। फिलहाल इसे चौधरी चरण सिंह घाट से लक्ष्मण घाट तक लगभग तीन किमी. दूरी में गहरे जल के समीप ही संचालित किया जाएगा, लेकिन सरयू के जल के प्रवाह के मद्देनजर इस फ्लोटिंग स्क्रीन का दायरा भी बढ़ता जाएगा।

अयोध्या की थीम को अवलोकित करेगा फ्लोटिंग स्क्रीन

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 8 थीम पर अयोध्या को प्रकाशमान करने की योजना बनाकर यहां का निरंतर विकास सुनिश्चित करा रहे हैं। इसी क्रम में सांस्कृतिक अयोध्या के दृष्टिगत भी इसे नई उड़ान दी जा रही है। इसके दृष्टिगत इस स्क्रीन पर सबसे पहले 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम का प्रसारण होगा, इसके बाद यहां अयोध्या की आध्यात्मिक सांस्कृतिक, पौराणिक गाथा व महत्ता का दृश्यांकन होगा। साथ ही यहां अन्य आयोजनों से जुड़े कार्यक्रम भी दिखाए जाएंगे।

फ्लोटिंग रेस्तरां का भी जल्द होगा निर्माण

प्राण-प्रतिष्ठा के उपरांत पांच हजार वर्ग फीट के फ्लोटिंग रेस्तरां के निर्माण की भी योजना है। इसे लेकर एमओयू हो चुका है। फ्लोटिंग स्क्रीन के सफल संचालन के बाद कंपनी इस योजना पर कार्य शुरू करेगी। आधुनिक सुविधाओं से युक्त यह रेस्तरां अयोध्या आने वाले पर्यटकों को आधुनिक सुविधाओं का आभार कराएगा। रेस्तरां में भी खानपान, संस्कृति के साथ ही ऐसी स्क्रीन लगाई जाएगी, जिस पर राम की गाथा-कथा आदि की भी प्रस्तुति होगी।

प्राण प्रतिष्ठा में आने वाले विशिष्ट मेहमानों को उपहार में मिलेगी रामरज

अयोध्या। अयोध्या में नव निर्मित राम मंदिर में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। 22 जनवरी को होने वाले इस कार्यक्रम के लिए राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से हजारों वीआईपी गेस्ट्स को इनवाइट किया गया है। इस ऐतिहासिक अवसर पर सभी आमंत्रित अतिथियों के स्वागत की भी तैयारी की गई है और साथ ही समारोह में सम्मिलित होने वाले सभी मेहमानों को ट्रस्ट की ओर से उपहार भी दिए जाएंगे। तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से सभी मेहमानों को रामरज उपहार स्वरूप दी जाएगी। साथ ही उन्हें प्रसाद के रूप में देसी घी से बने विशेष मोतीचूर के लड्डू भी दिए जाएंगे।

पीएम मोदी को दी जाएगी राम मंदिर की तस्वीर

जानकारी के अनुसार 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भाग लेने वाले मेहमानों को मंदिर की बुनियाद की खुदाई में निकाली गई मिट्टी (रामरज)भेंट की जाएगी। जानकारी के अनुसार राम मंदिर नींव की खुदाई के दौरान निकाली गई राम जन्मभूमि की मिट्टी को बक्सों में पैक किया जाएगा और 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने वाले मेहमानों को भेंट किया जाएगा। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से जुड़े एक सदस्य ने बताया कि इस कार्यक्रम के लिए यहां आने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जूट के थैले में पैक की गई राम मंदिर की 15 मीटर की तस्वीर भेंट की जाएगी, जिसमें मंदिर की एक तस्वीर भी होगी।

यादगार होगा उपहार

ट्रस्ट के सदस्य ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह में ट्रस्ट की ओर से देश भर से 11,000 से अधिक मेहमानों को आमंत्रित किया गया है और इन सभी लोगों को यादगार उपहार देने की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने बताया कि रामरज एक ऐसा उपहार होगा, जिसे मेहमान हमेशा याद रखेंगे। किसी घर में इस रामरज का होना सौभाग्य की बात है। इस पवित्र उपहार का उपयोग वो अपने घर के गार्डेन या गमलों में कर सकेंगे। ऐसी भी संभावना है कि ऐसे आमंत्रित लोग जो किसी कारणवश प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में यहां नहीं आ सके हैं, वो जब भी यहां आएंगे उन्हें यह उपहार दिया जाएगा।

कुबेर टीला पर पक्षीराज जटायू की मूर्ति का अनावरण करेंगे

मंडलायुक्त गौरव दयाल ने बताया कि पीएम मोदी अयोध्या के श्रीरामजन्म भूमि परिसर में स्थित कुबेर नवरत्न टीला पर भी जाएंगे, जहां वो पक्षी राज जटायु की मूर्ति का भी अनावरण करेंगे। यह मूर्ति कांस्य की है। यह दिल्ली से बनकर आई है, जिसकी स्थापना का कार्य दिसंबर में हो चुका रहै। पीएम मोदी राम काज के लिए प्राणों की आहुति देने वाले हुतात्माओं की स्मृति के रूप में जटायु राज को पुष्पांजलि भी अर्पित करेंगे। इस मूर्ति को कुबेर नवरत्न टीला के शिखर की बजाय थोड़ा पहले दर्शन मार्ग पर स्थापित किया गया है। यहां पहले से ही मूर्ति स्थापना के लिए चट्टान का निर्माण किया गया था।

मंदिर प्रांगण में 7500 लोग करेंगे प्रवेश

अयोध्या के मंडलायुक्त गौरव दयाल ने बताया कि 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में 7500 लोगों को मंदिर प्रागण में बिठाने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि जो भी विशिष्ट मेहमान अयोध्या आएगा, उसे रिसीव करने के साथ ही एक कोड दिया जाएगा। इस कोड के आधार पर उनके बैठने की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने बताया कि वाराणसी के पुजारी प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को संपन्न कराएंगे। उनके साथ 4 ट्रस्टी और 4 पुजारी भी रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान मंदिर में बने पांच मंडपों में अलग-अलग सोशल कम्यूनिटी के 15 दंपत्ति भी उपस्थित रहेंगे। प्रांगण में ही पीएमओ भी स्थापित किया जाएगा, जबकि पीएम मोदी की स्पीच के लिए भी एक स्थान को चिन्हित किया गया है जहां से वो इस ऐतिहासिक अवसर पर पूरी दुनिया को संदेश देंगे। इसके अतिरिक्त, परकोटा ईस्ट में धार्मिक संगीत का भी आयोजन होगा।

राम के दर्शन को पैदल अयोध्या चली युवा टोली

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश के अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर देश और दुनिया भर में उत्साह है। इसी दौरान में देश के अलग-अलग राज्यों से युवाओं की टोली अयोध्या जा रही है, जहां वे भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होंगे। इसी बीच करीब छह युवाओं की टोली पैदल यात्रा कर मुजफ्फरपुर पहुंची। इसमें छत्तीसगढ़ से लेकर अलग-अलग जगहों के युवा शामिल हैं। सभी अयोध्या के लिए जा रहे हैं, जिनका अलग-अलग जगहों पर स्वागत किया जा रहा है। अयोध्या के लिए नंगे पांव निकले युवा तीर्थयात्री भगवान राम के दर्शन करने के लिए जा रहे हैं। इनकी अपील है कि लोग 22 जनवरी को अपने-अपने घर में एक दीया जरूर जलाएं।

छत्तीसगढ़ से पैदल यात्रा पर निकले रामभक्त तरुण कुमार ने बताया कि पश्चिम देश में शांति और सद्भाव के साथ अब 500 वर्ष के इतिहास के पूरा होने की खुशी में अयोध्या श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा में पैदल जा रहा हूं। वहां प्रभु राम से प्रार्थना करूंगा कि रामराज्य की स्थापना हो। बिहार के युवा भी मेरे साथ जुड़ने जा रहे हैं और सभी अयोध्या जाएंगे। यह पल ऐतिहासिक है और यह हमें प्रेरणा देती है देश में राम राज्य का।

वहीं, अयोध्या के लिए निकले समस्तीपुर जिले के युवा अनिरुद्ध यादव ने बताया कि भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। इस खुशी में छत्तीसगढ़ के युवा के साथ हम लोग एक साथ होकर अयोध्या जा रहे हैं। यह पल बेहद ऐतिहासिक है और इसको विशेष बनाने के लिए हम लोग अयोध्या जा रहे हैं। साथ ही भारत के लोगों से अपील करते हैं कि वह इस दिन को ऐतिहासिक रंग देने के लिए अपने घर में एक दिया जरूर जलाएं। पैदल अयोध्या जा रहे युवाओं की टोली में शामिल युवती अंजली गुप्ता ने बताया कि इन लोगों को पैदल ही अयोध्या जाते हुए सोशल मीडिया पर देखा था। उसके बाद इनसे संपर्क कर मैं भी साथ हो गई। मैं भी बेहद खुश हूं कि उनके साथ अयोध्या जा रही हूं और भगवान श्री राम का दर्शन करूंगी। यह पल बेहद ऐतिहासिक है और हम इस ऐतिहासिक दिन को देखेंगे और अन्य युवा से अपील करते हैं कि वे भी अयोध्या आएं।

राम मंदिर : प्रयागराज में राम पर रचे रागों से राममय होगा देश, सभी रेडियो स्टेशनों से होगा सीधा प्रसारण

नई दिल्ली। हम ना लेबै उतराई हे मालिक ना लेबै उतराई/दुनिया के जे पार लगवलस ओसे हम का लेबै...। लोक मानस में रचे-बसे जन कवि कैलाश गौतम के ये कालजयी लोक भजन जन्मभूमि पर रामलला के विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा वाले दिन पूरे देश में गूंजेंगे। देश को राममय बनाने के लिए प्रसार भारती ने प्रयागराज में रचे गए दुर्लभ लोक धुनों को चुना है।

जन कवि कैलाश गौतम के लिखे लोक रामायण राम रसायन नाट्य रूपक के विलुप्तप्राय हो चुके भजनों से प्राण-प्रतिष्ठा वाले दिन को राममय बनाया जाएगा। महानिदेशालय के निर्देश पर राम के जन्म से लेकर वनवास तक के संपूर्ण चरित्र पर आधारित 26 लोक भजनों की रिकार्डिंग आकाशवाणी ने कराई है। इन भजनों की रिकार्डिंग महानिदेशालय भेजी जाएगी। लोक रामायण रामरसायन नाट्य रूपक गोवर्धन भैया के नाम से मशहूर रहे कवि कैलाश गौतम ने वर्ष 1997 में लिखा था। प्रसार भारती की महानिदेशक वसुधा गुप्ता के निर्देश पर जब इस नाट्य रूपक की तलाश शुरू हुई तब पता चला कि पूरी रिकार्डिंग खराब हो चुकी है। इसके बाद उनके हस्तलेख से किसी तरह 36 में से 26 भजनों को नए सिरे से रिकॉर्ड कराया गया। इसमें कहरवा, दादरा, चौताल और कजरी, सोहर जैसी लोक धुनों में राम पर आधारित भजन प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में आकाशवाणी अयोध्या धाम समेत पूरे देश में बजाए जाएंगे। आकाशवाणी के निदेशक लोकेश शुक्ल ने बताया कि लोक रामायण के भजनों की तीन दिन की लंबी मशक्कत के बाद रिकार्डिंग करा ली गई है। इसमें प्रभु श्री राम के जन्म, विश्वामित्र के साथ यज्ञ की रक्षा के लिए जाने के अलावा राम वन गमन के प्रसंगों पर आधारित भजन शामिल किए गए हैं। इन भजनों को आकाशवाणी के एक ग्रेड के कलाकारों ने लयबद्ध किया है। प्रभु श्रीराम पर आधारित इस नाट्य रूपक को अर्काइव से निकाला गया तो उसकी रिकॉर्डिंग इस्तेमाल के लायक नहीं रह गई थी। ऐसे में किसी तरह उनके हस्तलेखों को एकत्र किया गया। इसमें से 36 की जगह 26 भजनों की रिकॉर्डिंग करा ली गई है। इसमें भगवान राम के विविध रूपों और उनके जीवन के आदर्शों के भजनों में पिरोया गया है। प्राण-प्रतिष्ठा के दिन इन भजनों को आकाशवाणी के सभी केंद्रों से एक साथ प्रसारित किया जाएगा।

3 ट्रकों से अयोध्या जाएगा भगवान महाकाल का लड्डू, 5 लाख पैकेट होंगे तैयार, 100 कारीगर काम में जुटे

नई दिल्ली। अयोध्या में भगवान श्री राम के मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी 2024 को भव्य समारोह के रूप में आयोजित होने जा रहा है। इस समारोह में बाबा महाकाल के लड्डू प्रसाद अयोध्या भेजे जा रहे हैं। बता दें कि जिसकी तैयारी जोरों शोर से चल रही है। प्रसाद को लेकर लड्डू बनाने वाले कारीगर भी बढ़ा दिए गए हैं, 16 जनवरी से यह लड्डू ट्रक में रखकर अयोध्या भेजे जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में महाकाल मंदिर से 5 लाख लड्डू प्रसाद भेजने का निर्णय लिया गया है। किसी क्रम में महाकाल मंदिर प्रबंध समिति द्वारा लड्डू प्रसाद तैयार कराया जा रहा है। महाकाल मंदिर के सहायक प्रशासक मूलचंद जूनवाल ने बताया 5 लाख लड्डूओं के लिए 5 लाख पैकेट बनाए जा रहे हैं और पहले 80 कारीगर लड्डू बना रहे थे, लेकिन समय को देखते हुए 20 कारीगर और बढ़ा दिए गए हैं।

अयोध्या भेजने का काम शुरू हो जाएगा

इस प्रकार अब 100 कारीगर प्रतिदिन लड्डू बनाने में लगे हुए हैं। 16 जनवरी 2024 तक लड्डू तैयार कर लिए जाएंगे और इसके बाद ट्रक में रखकर अयोध्या भेजने का काम शुरू हो जाएगा। संभावना है कि 2 से 3 ट्रकों में रखकर यह लड्डू भेजे जाएंगे।

अतिथियों के लिए गीता प्रेस से अयोध्या रवाना की गई पुस्तकें, उपहार स्वरूप में दी जाएंगीं भेंट

नई दिल्ली। अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में आने वाले अतिथियों को उपहार स्वरूप भेंट करने के लिए गीता प्रेस से प्रकाशित पुस्तकें शुक्रवार को अयोध्या रवाना की गई। इनमें 10 हजार अयोध्या दर्शन पुस्तकें हैं, जिन्हें प्रसाद के साथ श्रद्धालुओं को बांटा जाएगा। इसके अलावा तीन पुस्तकों व गीता दैनंदिनी (डायरी) के 51 बंडल भेजे गए हैं। इनमें अयोध्या दर्शन, 1972 में प्रकाशित कल्याण के विशेषांक श्रीरामांक का परिवर्धित संस्करण, अयोध्या महात्म्य व गीता दैनंदिनी शामिल है। 12 अति विशिष्ट अतिथियों के लिए आर्ट पेपर पर प्रकाशित श्रीरामचरितमानस की प्रतियां भी भेजी गई हैं।

इस अवसर पर ट्रस्टी देवी दयाल अग्रवाल, प्रबंधक डॉ. लालमणि तिवारी, अजय प्रकाश अग्रवाल, आशुतोष कुमार उपाध्याय ने पूजा कर वाहन को रवाना किया। पैडलेगंज से होते हुए वाहन जब इंदिरा नगर के सामने पहुंचा तो वहां पहले से खड़ी 50 से अधिक महिलाओं ने वाहन की पूजा-अर्चना व आरती की।

प्राण प्रतिष्ठा : 50 प्रकार के व्यंजनों का स्वाद चखेंगे मेहमान, हर राज्य के खास भोजन को मेन्यू में मिलेगी जगह

अयोध्या। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आने आने अतिथियों को देसी व्यंजनों का स्वाद चखने को मिलेगा। अयोध्या की गरिमा के अनुरूप पूरी तरह से शुद्ध सात्विक भोजन ही परोसा जाएगा। इसके लिए बड़े पैमाने पर तैयारियां चल रही हैं। अलग-अलग राज्यों की पहचान रखने वाले व्यंजन भी बनेंगे। मसलन लिट्टी-चोखा, राजस्थानी दाल बाटी चूरमा, पंजाबी तड़का, दक्षिण भारतीय मसाला डोसा और इडली, बंगाली रसगुल्ले, जलेबी जैसे कई खास व्यंजन और मिठाइयों को मेन्यू में शामिल किया गया है।

संघ नेता गजेंद्र सिंह ने बताया कि तीर्थ क्षेत्र पुरम में साधु-संतों व विशिष्ट जनों के लिए खान-पान की व्यवस्था की गई है। यहां छह उपनगर निर्मित किए गए हैं। अलग-अलग राज्यों के लिए अलग-अलग भोजनालय बनाए गए हैं। बाग बिजेसी के एक नगर में पंजाब का भोजनालय होगा। अन्य नगरों में तेलंगाना, महाराष्ट्र व राजस्थान के भक्तों की ओर से लंगर की व्यवस्था की जाएगी। वहीं अलग-अलग स्थानों पर भी भोजनालय संचालित किया जाएगा। उदासीन आश्रम के सामने स्थित भोजनालय इस्कान मंदिर की ओर से संचालित किया जाएगा। अक्षय पात्र फाउंडेशन ने भी एक भोजनालय अपने जिम्मे लिया है। दक्षिण भारत की अम्मा जी रसोई की ओर से भी भोजनालय संचालित किया जाएगा।

साधु-संतों व अतिथियों को मिलेंगे ये पकवान

समारोह में साधु-संतों के लिए विशेष इंतजाम हैं। फलाहार के अलावा इनके लिए कुट्टू के आटे की पूड़ी, साबूदाना के आइटम, मूंगफली की व्यवस्था की है। इसके अलावा गेहूं के आटे की पूड़ी, चार प्रकार की सब्जी, रोटी, बासमती चावल, गोविंद भोग चावल, कचौड़ी, दाल, पापड़, खीर, करीब 10 तरह की मिठाइयां रहेंगी। नाश्ते में दही जलेबी, मूंग की दाल और गाजर का हलवा, चाय, कॉफी, चार पांच तरह की पकौड़ियों के इंतजाम किए गए हैं। इसमें क्या घटाया बढ़ाया जा सकता है, इस पर भी चर्चा चल रही है।

मशीन से एक बार में बनेगी दस हजार इडली

हजारों अतिथियों व भक्तों के लिए भोजन की व्यवस्था की जा रही है। दिल्ली से एक मशीन मंगाई जा रही है जो एक बार में दस हजार इडली निकालेगी। यह मशीन 15 जनवरी तक अयोध्या पहुंच जाएगी। कन्नौज से आलू, छत्तीसगढ़ से चावल, असम से चाय की पत्ती व अदरक, अमेठी से राजेश मसाले, बुलंदशहर से चीनी, राजस्थान से घी समेत बड़ी मात्रा में खाद्यान लगातार आ रहे हैं।

मेहमान चखेंगे इन व्यंजनों का स्वाद

राजस्थान - दाल बाटी चूरमा, मोहन थाल, मावा कचोर, कलाकंद, प्याज़ की कचोर, कढ़ी, मूंग की दाल का हलदा, मालपूआ

गुजरात- ढोकला बासुंदी, आलू वड़ी, मेथी साग, गुजराती खिचड़ी, मोहन थाल, गुजराती कढ़ी

तेलंगाना- पुंटिकुरा चना दाल, बचली कुरा, चना दाल, मूंगफली से बना सर्वपिंडी, बचाली कुरा एक पत्तेदार सब्जी है जिसे मालाबार पालक या सीलोन पालक के नाम से भी जाना जाता है।

महाराष्ट्र- पाव भाजी, वड़ा पाव, पोहा, साबूदाना खिचड़ी, सोल कढ़ी, आमटी (महाराष्ट्रीयन दाल)

दक्षिण भारतीय व्यंजन- इडली, बड़ा, उपमा, सांबर, नारियल की चटनी।

निर्माण कार्यों में उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित कराएं : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने शहडोल में की विकास एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा

छात्रावासों में बेहतर सुविधाएं छात्रों को मुहैया कराएं

भोपाल/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शहडोल में विकास कार्यों की संभागीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए है कि प्रदेश के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कराए जा रहे निर्माण कार्यों में उच्च स्तर की गुणवत्ता सुनिश्चित कराएं। कमिश्नर एवं कलेक्टर्स समय-समय पर निर्माण कार्यों का निरीक्षण करें और निर्माण कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित कराएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देशित किया कि शासन द्वारा संचालित छात्रावासों में छात्र-छात्राओं को बेहतर सुविधाएं मिलनी चाहिये। उन्होनें कहा कि जनप्रतिनिधियों के साथ ही प्रशासनिक अधिकारी भी छात्रावासों का समय-समय पर निरीक्षण करें, छात्रावासों में रहकर अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों से चर्चा करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि छात्रावासों में रहकर अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराकर, उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना हम सभी का कर्तव्य है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैठक में खेल मैदानों के निर्माण की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि खेल मैदानों का बड़ी संख्या में निर्माण हो रहा है। उन्होंने कहा कि खेल मैदानों का उपयोग भी होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कलेक्टरों को निर्देश दिए कि वे युवाओं को खेल गतिविधियों से जोड़ने के लिए प्रोत्साहित करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि खेल मैदानों की रौनक बढ़नी चाहिए। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि कलेक्टर सतत रूप से जनप्रतिनिधियों के साथ बैठकें करें, अपनी प्राथमिकताएं तय करें और लोक कल्याण के कार्य बेहतर ढंग से कराएं।

बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शासन द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी और परिणाम मूलक क्रियान्वयन सुनिश्चित होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कार्यों में नवाचार करने के भी निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जल संसाधन, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई परियोजनाओं, विद्युत वितरण व्यवस्था, प्रधानमंत्री आवास योजना, एवं अन्य योजनाओं की भी समीक्षा की।

बैठक में अपर मुख्य सचिव श्री अशोक वर्णवाल द्वारा शहडोल संभाग में संचालित प्रमुख योजनाओं की जानकारी दी गई। शहडोल संभागायुक्त श्री गोपालचंद्र डाड द्वारा संभाग में विकसित भारत संकल्प यात्रा की गतिविधियों, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधामंत्री ग्राम सड़क योजना, अमृत सरोवर योजना एवं अन्य योजनाओं की प्रगति की जानकारी दी गई।

बैठक में मंत्री कुंवर विजय शाह, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री श्री दिलीप जायसवाल, सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह, अध्यक्ष महिला वित्त विकास निगम श्रीमती अमिता चपरा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रभा मिश्रा, विधायक श्री जयसिंह मरावी, सुश्री मीना सिंह, मनीषा सिंह, श्री शिव नारायण सिंह श्री शरद कोल, अपर मुख्य सचिव श्री अशोक वर्णवाल, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री श्री राघवेन्द्र सिंह, कमिश्नर श्री गोपालचंद्र डाड, वन संरक्षक शहडोल श्री लखन सिह उईके सहित अन्य जन-प्रतिनिधि और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

लोकसभा चुनाव की तैयारी के लिए विधानसभा स्तर पर पूरी ताकत से संगठन की मजबूती के लिए कार्य करें : जीतू पटवारी

लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के विधानसभा प्रभारियों की बैठक आज पीसीसी में संपन्न

भोपाल/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी की अध्यक्षता में आज प्रदेश भर से आये कांग्रेस के विधानसभा प्रभारियों के बैठक आयोजित की गई। बैठक में श्री पटवारी ने संबोधित करते हुए कहा कि निकट भविष्य में लोकसभा चुनाव संपन्न होने जा रहे हैं। हम सभी को मैं नहीं हम की भावना से मैदान में उतरना है। विधानसभा प्रभारियों से श्री पटवारी ने कहा कि हर विधानसभा का प्रभारी अपने-अपने प्रभार क्षेत्र में पूरी ताकत के साथ संगठन की मजबूती के लिए संगठन में जिला कांग्रेस कमेटीयों के साथ आपसी सामंजस्य बनाकर कार्य करे। बैठक में प्रदेश कांग्रेस के कोषाध्यक्ष अशोक सिंह भी उपस्थित थे।

श्री पटवारी ने सभी प्रभारियों से कहा कि आगामी 14 जनवरी से अभा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी जी द्वारा भारत जोड़ों यात्रा की तर्ज पर एक बार फिर भारत जोड़ो न्याय यात्रा 20 मार्च तक निकाली जा रही है। यात्रा मप्र के 9 जिलों में 7 दिनों तक 700 किलोमीटर चलेगी। हर कांग्रेसजन का दायित्व है कि यात्रा को प्रभावी बनाने के लिए हर संभव प्रयास करें। अधिक से अधिक लोगों को यात्रा में शामिल करें, यात्रा की तैयारियों और यात्रा का प्रचार-प्रसार करें।

श्री पटवारी ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का ऑनलाईन क्रांउडफंडिंग अभियान डोनेट फॉर देश का शुभारंभ विगत 16 दिसम्बर 2023 से हो चुका है। जिसके तहत देश भर के कांग्रेस जन बेहतर भारत के लिए दान कर देश की मजबूती के लिए फंडिंग का कार्य कर रही है। हम सभी इस अभियान में शामिल होकर देश की मजबूती का हिस्सा बनें। मतदाता सूची पुनरीक्षण, मतदाताओं को मतदाता सूची में जोड़ने का कार्य अपने प्रभार वाले क्षेत्रों में निष्पक्षता से करायें।

श्री पटवारी ने पार्टी संगठन को ओर अधिक सुदृढ़, सशक्त और मजबूत बनाने पर जोर देते हुए कहा कि कोई भी संगठन एक अकेला व्यक्ति नहीं चला सकता, सभी सहभागिता, सामंजस्य और समन्वय के बिना कुछ भी संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि आप सभी ब्लाक, मण्डलम स्तर पर कार्यकर्ता सम्मेलनों का आयोजन करें और उसमें स्थानीय स्तर के वरिष्ठ नेताओं सहित मोर्चा संगठनों, विभागों और प्रकोष्ठों के कांग्रेसजनों की सहभागिता सुनिश्चित करें।

बैठक में विधानसभा प्रभारियों ने पार्टी संगठन की मजबूती और विभिन्न गतिविधियों को लेकर अपने सुझाव सांझा किये। श्री पटवारी ने सभी की बातों को सुना और आगामी रणनीति पर चर्चा की।

भोपाल पुलिस ने श्मशान से निकलवाया बच्चे का शव: मासूम को घसीटकर ले गए थे कुत्ते

बाल आयोग ने कहा- अधिकारी ही जिम्मेदार

भोपाल/नवप्रदेश। भोपाल में कुत्तों के हमले में मारे गए बच्चे का शव पुलिस ने शनिवार को श्मशान से निकलवाया। शव पोस्टमॉर्टम के लिए ले जाया गया। कुत्ते 7 माह के इस बच्चे को पार्क से घसीटकर ले गए और उसका एक हाथ खा लिया था। उसका शव लहूलुहान मिला था। पूरे शरीर पर कुत्तों के दांत और नाखूनों के निशान थे। मिनाल रेसीडेंसी की ये घटना शुक्रवार को सामने आई। इसके बाद पुलिस ने केस दर्ज किया था। इस घटना पर राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने कहा कि यह घटना दिल दहला देने वाली है। इसमें अधिकारी ही जिम्मेदार हैं, क्योंकि जवाबदार वे ही हैं। इसलिए संबंधित अधिकारियों को नोटिस दे रहे हैं। इधर, कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने निगम कमिश्नर फ्रैंक नोबल ए. के साथ कलेक्टोरेट में मीटिंग की। उन्होंने स्ट्रीट डॉग्स को पकड़ने के सख्त निर्देश दिए हैं। कलेक्टर सिंह ने बताया, यह संवेदनशील और दुखद मामला है। इस पर तत्काल एक्शन लिया है। एफआईआर के निर्देश दिए हैं। सभी के बयान हो गए हैं। स्ट्रीट डॉग्स को पकड़ने के अभियान की शुरुआत हो गई है। नगर निगम कमिश्नर का कहना है कि जांच के बाद जो सामने आएगा, उस तथ्य पर कार्रवाई करेंगे। डॉग स्क्वॉड के जिम्मेदार अफसरों के खिलाफ भी केस दर्ज किया जा सकता है। पुलिस ने मृतक के पिता सहित अन्य लोगों के बयान दर्ज कर लिए हैं।

पिता बोले-बच्चे की मौत का मंजर भूल नहीं सकता

मृतक मासूम केशव के पिता देवेंद्र ने बताया कि 10 जनवरी की सुबह मैं पत्नी रक्षा बाई सहित बेटी सेवनिया (7) परी (5) और 7 माह के बेटे केशव के साथ मिनाल रेसीडेंसी गए थे। हम यहां झाड़ू लगाने और सफाई का काम करते हैं। सुबह 11 बजे बच्चे को दूध पिलाने के बाद सुला दिया था। पार्क में सेवनिया और केशव थे। परी हमारे साथ थी। खेलते हुए सेवनिया कहीं चली गई। चंद मिनट बाद लौटी तो बच्चा पार्क में नहीं था। बेटी ने जैसे ही हमें बताया हम बेटे को ढूंढने लगे। तभी किसी ने बताया कि बच्चे के शव को 2-3 कुत्ते नोंच रहे हैं। मैं वहां पहुंचा जरूर लेकिन किसी ने मुझे बच्चे का चेहरा तक नहीं देखने दिया था। मैं बहुत ही घबराया हुआ था, बच्चे को अस्पताल ले गए तो डॉक्टरों ने उसे मृत बता दिया। तब उसकी शक्ल देख सका। हम गरीब लोग हैं, नियमों की जानकारी नहीं है। शव को छावनी पठार स्थित श्मशान के पास दफन कर दिया था। तीनों आवारा कुत्ते हैं, किससे क्या कहें, किसी का प्राइवेट कुत्ता होता तो कुछ कहते भी। शुक्रवार शाम को अचानक पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों के कॉल आने लगे। वह घर आए तब पता लगा कि हमने कोई गलती की है। शनिवार को बच्चे के शव को एक बार फिर कब्र से निकाला गया। मैं क्या बताऊं बच्चे की मौत का मंजर नहीं भूल पाता। उसके शव को देखने की हिम्मत तक नहीं थी। बच्चे को साथी काम करने वालों ने ही अस्पताल पहुंचाया था।

इकलौता बेटा था केशव

देवेंद्र का कहना है कि मैं बयान नहीं कर सकता मेरे दिल पर क्या बीत रही है। कुछ समझ नहीं आ रहा। क्या हो रहा है, मैं क्या करूं। केशव मेरा सबसे छोटा और इकलौता बेटा था। वह हमारा बेहद चहेता था। दो बेटियों के बाद उसका जन्म हुआ तो हमारी खुशी का ठिकाना रहा। पत्नी बेटे की मौत के सदमे में है, वह बीमार हो गई है। मेरी तो दुनिया ही खत्म हो गई, क्या कहूं....कुछ समझ नहीं आ रहा है।

कलेक्टर ने दिए अभियान चलाने के निर्देश

भोपाल कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि जिस जगह यह घटना हुई, वहां से शुक्रवार को 8 डॉग पकड़े गए हैं। शनिवार से पूरे शहर में नगर निगम को स्ट्रीट डॉग्स को पकड़ने के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। पीड़ित पक्ष को जिला प्रशासन ने रेड क्रॉस से 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता भी दी है। इससे पहले मंगलवार रात को एमपी नगर जोन वन स्थित प्रेस कॉम्प्लेक्स में एक आवारा कुत्ते के कारण लोग दहशत में आ गए। काले रंग के कुत्ते ने सिर्फ डेढ़ घंटे में एक के बाद एक 21 लोगों को काट खाया। घटना 8 से 9.30 बजे के बीच की है। कुत्ते के हमले में घायल लोग एक के बाद एक रात में जेपी अस्पताल पहुंचे तो यहां इमरजेंसी में मौजूद स्टाफ भी हैरान हो गया। यहां एंटी रैबीज इंजेक्शन भी कम पड़ गए। रात में ही फार्मेसी काउंटर खुलवाकर एंटी रैबीज इंजेक्शन लाने पड़े।

सिवनी जिले के अरी थाना अंतर्गत ग्राम गंगेरूआ में शुक्रवार एक महिला पर कुत्तों ने हमला कर दिया। इससे वह घायल हो गई, उसकी मौत हो गई। ग्राम गंगेरूआ की रहने वाली वंदना बरमैया पति सुरेश बरमैया (30) पर कुत्तों ने हमला कर उसे घायल कर दिया। इसके कारण महिला की कुछ देर बाद मौत हो गई। घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने अरी पुलिस को दी।

भोपाल में ज्यूडिशियल ऑफिसर्स कॉन्फ्रेंस

सुबोध जैन बोले- मध्यप्रदेश की न्यायपालिका में 37 प्रतिशत महिलाएं, यह गर्व की बात

भोपाल/नवप्रदेश। भोपाल के रविंद्र भवन में शनिवार से ज्यूडिशियल ऑफिसर्स कॉन्फ्रेंस की शुरुआत हुई। कॉन्फ्रेंस दो दिन चलेगी। मध्यप्रदेश न्यायाधीश संघ के अध्यक्ष सुबोध जैन ने कहा, %मप्र न्यायाधीश संघ 27 अगस्त 1998 में अस्तित्व में आया। यह 10वीं कॉन्फ्रेंस है। यह पिछली कॉन्फ्रेंस से अलग है। कॉन्फ्रेंस की थीम लुकिंग अहेड है। जैन ने कहा, मध्यप्रदेश की न्यायपालिका महिला सशक्तिकरण पर खरी उतरी है। मध्यप्रदेश की न्यायपालिका में 37त्न महिलाएं हैं। यह गर्व की बात है। मध्यप्रदेश की न्यायपालिका के सुपर टाइम स्केल के 60 जज में से 6 महिला जज हैं। सिलेक्शन ग्रेड स्तर पर 19 महिला जज हैं। जिला न्यायाधीश के एंट्री लेवल पर 536 जज में 87 महिला जज हैं और सिविल जज सीनियर डिवीजन में 453 पदों पर 155 महिला जज हैं। उन्होंने कहा, कॉन्फ्रेंस में हम

जिला न्यायपालिका को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर चर्चा करेंगे। हमारी कोशिश है कि 2047 तक हमारे पास दिखाने के लिए सकारात्मक पहलू हों। मध्यप्रदेश न्यायालय लाइव स्ट्रीमिंग प्रणाली लागू करने वाला देश का पहला न्यायालय है। कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस अनिरुद्ध बोस, जस्टिस जेके माहेश्वरी ने स्क्क हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रवि मलिमथ की मौजूदगी में किया।

संगठन में ग्राम पंचायत तक महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित हो महिलाओं को पूरा सम्मान मिले: जीतू पटवारी

भोपाल/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी ने आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के सभागार में आयोजित राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के पदाधिकारियों और जिला अध्यक्षों की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पंचायती राज की स्थापना हमारे पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी जी ने की थी, उनका सपना था कि सरकार की योजनाओं का लाभ देश के एक छोटे से गांव में अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति को भी मिल सके। पंचायती राज की मूल भावना है कि ग्राम स्तर पर निम्न वर्ग के लोगों को सम्मान मिले। महिलाओं को ताकत मिले, इसलिए पंचायत स्तर पर महिलाओं की भागीदारी ब?ाने पर जोर दिये जाने की आवश्यकता है।पटवारी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के पूर्व बीएलए का प्रशिक्षण कार्यक्रम कराया जाये, मण्डलम-सेक्टर में भी महिलाओं की जिम्मेदारी तय की जाये। वोटर लिस्ट को दुरूस्त करने के लिए संगठन ग्रामीण स्तर पर कार्य करे। राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत टाले ने कहा कि पंचायती राज संगठन के माध्यम से हम पार्टी संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करेंगे और आगामी लोकसभा चुनाव में

सूर्य नमस्कार... राज्य मंत्री श्रीमती गौर ने निर्माण एजेंसी को दिये निर्देश

अगले माह शुरू होगा अयोध्या बायपास चौड़ीकरण और फ्लाई ओवर निर्माण

भोपाल/नवप्रदेश। अयोध्या बायपास का चौड़ीकरण, फ्लाई ओवर का निर्माण और आनंद नगर से प्रगत पदार्थ तथा प्रक्रम अनुसंधान संस्थान (एम्प्री) तक एलीवेटेड कॉरीडोर के निर्माण का कार्य अगले माह शुरू होगा। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को इस आशय के निर्देश दिये। श्रीमती गौर शनिवार को निवास पर विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति की निर्माण एजेन्सियों के साथ समीक्षा कर रहीं थीं।

राज्य मंत्री श्रीमती गौर ने अयोध्या बायपास चौड़ीकरण, फ्लाईओवर निर्माण और आनंद नगर से एम्प्री तक एलीवेटेड कॉरीडोर के कार्य शुरू होने में हो रहे बिलंब पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि लाखों लोगों के आवागमन की सुविधा के इस कार्य में बिलंब होना ठीक नहीं है। फरवरी अंत तक कार्य प्रारंभ करने के प्रयास करे। निर्माण एजेन्सी ने आश्वस्त किया कि कार्य शुरू होने की तैयारियाँ लगभग पूरी हो चुकी हैं और फरवरी माह में कार्य शुरू कर दिया जायेगा। राज्य मंत्री श्री गौर ने लोक निर्माण विभाग और सीपीए द्वारा जेके रोड के निर्माण को बहुत धीमे करने पर अप्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि जेके रोड निर्माण का कार्य बहुत धीमी गति से चल रहा है। इसमें तेजी लाई जाये और इसे अप्रैल माह तक पूरा करवाया जाना सुनिश्चित करें।

श्रीमती गौर ने एम्प्री से मिसरोद तक एलीवेटेड कॉरीडोर के निर्माण को शुरू करने की बात कहीं। उन्होंने जाटखेड़ी, आरकेडीएफ रोड, आशिमा मॉल से बावड़िया कला चौक तक रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण, इलाहबाद बैंक पिपलानी से खजूरीकलां बायपास तक सड़क निर्माण सहित अन्य निर्माण कार्यों की समीक्षा की।

समीक्षा बैठक में पार्षद श्रीमती उर्मिला मौर्य और श्री शिवलाल मकोरिया, एसडीएम एमपी नगर श्री एल.के. खरे, एडिशनल कमिश्नर नगर निगम श्री पी.के. सिंह, डीजीएम एमपीईबी श्री राकेश कपिल, ई पीडब्ल्यूडी श्री जावेद शकिल, जीएम एनएचएआई श्री प्रदीप, एसई नगर निगम श्री उदित गर्ग, ई पीडब्ल्यूडी श्री के.एस. तोमर, एसई पीडब्ल्यू श्री अजय श्रीवास्तव, ई सीपीए श्री आर.पी. गुप्ता सहित सभी निर्माण एजेन्सियों के अधिकारी उपस्थित थे।

जिला भ्रमण के दौरान नर्सरियों को देखने मैं स्वयं जाऊँगा

भोपाल/नवप्रदेश। सामाजिक न्याय, दिव्यांग जन कल्याण, उद्यानिकी और खाद्य प्रसंस्करण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा है कि वे जिला भ्रमण के दौरान स्वयं नर्सरियों का निरीक्षण करेंगे और नर्सरियों को बेहतर बनाने के लिये प्रयास करेंगे। मंत्री श्री कुशवाह गुलाब उद्यान में आयोजित दो दिवसीय नर्सरी उन्नयन कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि कार्यशाला और प्रशिक्षण ऐसी गतिविधियाँ हैं जिनमें प्रदेश के सभी विभागीय अधिकारियों को परस्पर एक-दूसरे से अनुभव और कार्यों को साझा करने का प्लेटफार्म मिलता है। उन्होंने कहा कि योजनाओं को बनाने में मैदानी अधिकारियों से मिले फीडबैक का अहम स्थान होता है। मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि पिछले दिनों ग्वालियर में उन्होंने उद्यानिकी विभाग की नर्सरी का निरीक्षण किया। नर्सरी में बहुत अच्छा कार्य हो रहा है। उन्होंने नर्सरी की देखभाल करने वालों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी निष्ठा और जिम्मेदारी से कार्य करें। विभागीय नर्सरियों को आत्मनिर्भर बनाया जायेगा। अपर मुख्य सचिव श्री जे.एन. कंसोटिया ने विभाग में हो रहे कार्यों की

सुनो भाई उधो

तोला का दुख ला गोहरावौं...हसदेव

आजकल के कलियुगी संतान नालायक, मूर्ख और अंधे होते जा रहे हैं। धन का लोभ और हवस उनके सिर चढ़कर नंगा नाच कर रहा है। विनाश उनकी नजर में विकास जैसा दिख रहा है। घर, परिवार और सरकार भी इस यात्रा में शामिल है। मां-बाप बेजुबान हो गए हैं। तिरस्कृत किए जा रहे हैं। इसी संदर्भ में छत्तीसगढ़ी में प्रस्तुत है यह तथाकथा...

हसदेव... हां उही हसदेव..., पहिली कभू अउ भेंटे रेहेंव, देखे रेहेंव, तब उही हसदेव हांसत, कुलकत अउ चहकत राहय, फेर आज अचानक भेंट परेंव तब कोन जनी का सांप सूंघ देहे, बिच्छी डस देहे ते कोलिहा, हुर्रा, बघवा मन हकरा देहे, नइ जानौं, चेहरा उतरगे हे, संझवती के बेरा में जइसे फूल मन कुम्हला जथे तइसे कस होगे हे। रोनहू, रोनहू कस मुहूं दीखत हे।



परमानंद वर्मा

ओकर अइसन हालत ल देख के पूछे के हिम्मत नइ होवत हे, पूछौं कइसे। कुछ बात अइसे होथे जउन चेहरा अउ ओकर हालत हा बता देथे, के जरूर कोनो मुसीबत, दुख, बिपत खपलागे हे। नइते बिहनिया के बेरा मं जइसे गुलाब के फूल, ओकर रूप अउ सुगंध मन ल हर लेथे, मोह लेथे। ओहर मुरझाय, मलीन कस नइ दीखय।

-सोचेंव, हिम्मत करेंव पूछे के। कइसे भाई हसदेव तोर करा एक ठन बात पूछना रिहिसे, रिस नइ मानबे तब पुछिहौं?

कहिथे- पूछना संगवारी, का बात पूछना हे? लरघियाय बानी, शरीर अइसे ते कोनो हवा के थोरको कहूं झोंका आही ते गिर परही का?

- तोला हसदेव कहिथे ना?

- हां भइया, मोरे नांव हे हसदेव। तैं कोन हस, अउ कहां ले आय हस, काबर पूछथस मोर नांव-गांव ला, एला जान के का करबे?

- पूछ के कोनो गलती तो नइ कर परेंव ना, तोर चेहरा, हाव-भाव अउ हालत ल देखके मोर से रेहे नइ गिस तब पूछ परेंव संगवारी, माफी देबे।

-नहीं... नहीं... एमा माफी के का बात हे, मोला जाने के तोर मन मं इच्छा जागिस, दया होइस ओकर कोन मुख ले बखान करौं। ठउका दुखी मन के चिन्हारी करे तैंहर।

ओ बताथौं, आज से बीस बरस पहिली जब मैं बिलासपुर आय रेहेंव, तब अइसने तोर मेर भेंट होय रिहिसे। तैं भले मोला नइ पहिचानत होबे फेर तोला मैं पहिचान डरेंव ओ बखत तोर चेहरा, शरीर, तन-मन बने गेदराय रिहिसे, हांसत-कुलकत रेहे। आज ओकर उल्टा देखत हौं, का बात हे, कोनो बिपत के पहाड़ टूट परे हे का?

हसदेव अपन दुखड़ा रोवत बताथे- ये सब समे-समे के बात हे संगवारी। समे बदलत देरी नइ लागय। जउन सुरुज बिहनिया उगथे, ओकर संझवती जहां अइस मुंह ओरम जथे, लटक जथे। जान डरथे, मोर जाये के बेरा आगे हे। ओकर पिरा अउ दरद ल उही जानथे, वइसने कस हाल होवइया हे भाई। अब तोला का बतावौं, मोर दुख ला?

अब दूनो झन दइहान मं एक चौरा मं आके बइठ जथन। अवइया-जवइया मन आवत-जात हे। कोनो गाय रंभावत हें तब कोनो बछरू अउ पड़रू मन मेछरावत हें। सुखराम कका आथे अउ पूछथे- अरे हसदेव, तोर करा माखुर (तुम्बाखू) हावय का रे बेटा, मोर तीर रिहिसे तउन सिरागे हे।

हसदेव खीसा ले निकाल के माखुर के डिबिया ल देथे अउ कहिथे- मोरो बर थोकिन मल देबे कका।

सुखराम माखुर मलिस तहां ले हसदेव ल दीस अउ महूं ल पूछिस- तहूं लेबे का बाबू?

मैं इंकार कर देंव, केहेंव- नशा-पत्ती ले दूरिहा रहिथौं गा।

सुखराम कहिथे- बने हे बाबू, हमी मन अपन आदत ल बिगाड़ डरे हन। छोड़े के उदीम करथन छूटबे नइ करै। अरे एक झन मेहतरू नांव के संगवारी रिहिसे तउने हा ये नशा पानी ल सिखा दे रिहिसे। ओकर संगे मं एक झन शिवदत्त अउ कन्हैया नांव के घला बदमाश रिहिसे। ओकर संग ला का धरेन, आदते बिगडगे, तेन सुधरबे नइ करिस। अच्छा मैं चलत हौं हसदेव काहत माखुर ल मुंह मं डारिस तहां गरुआ मन के हियाव करे खातिर दइहान कोती रेंग दीस।

सुखराम के जाय के बाद हमन अपन मूल विषय ऊपर आगेन। पूछे ऊपर ले हसदेव बताथे आज मनखे के भूख अउ हवस बढगे हे संगवारी। कतेक दुख ला तोर करा का गोहरावौं। बतावत हौं तभो अपने घर के फजीता हे, नइ बतावत हौं तब बिन मारे के मारे मरत हौं।

हसदेव भारी मन ले अपन दुख ल फोरियावत बताथे- जउन संतान, बेटा-बेटी ला दाई-ददा मन जनम देथे, पाल-पोस के बड़े करथे, रोजी-रोजगार, राजपाट देथे उही मन ल आज ओमन आंखी तरेरथे, मारपीट करके घर ले निकाले के उदीम करत हें।

-अइसे का बात होगे हसदेव के दाई-ददा ला हटकार के घर निकाला करे के दिन देखे बर परत हे?

-भूख, हवस, धन कमाय के लालच।

- तब कमावय ना, कोन रोकत हे ओमन ल?

-अरे झगरा के पेंच तो इही तीर ले उठत हे संगवारी।

- ओ कइसे?

- अरे अब तहूं हा, निच्चट तिखार-तिखार के पूछे ले धर ले गा?

- रोग के जड़ ल जानना चाही हसदेव, तभे तो बइद हा ओकर दवा-दारू करही।

हसदेव बताथे- तब सुन ओ बेटा, मन के भूख अउ हवस के राम कहिनी। तैं तो जानत हस, ओ पइत सरकार हा विकास के नांव ले के जंगल-जमीन, जलाशय, जल परवत अउ खदान मन के कइसे खुलेआम बिकरी-बट्टा करिस। अब फेर उही मन आगे हें, अउ शिकारी मन कस जाल फेंकत हें। उही लपेटा मं ये पइत हसदेव जंगल आगे हे। पूरा रुख-राई के सफाया करत हे।

- ओला पूछथौं- अरे अइसन होवत हे, काबर करत हें, अइसन अंधेरगर्दी? कहां जाही जंगल के पशु-पक्षी, जीव-जन्तु?

हसदेव बताथे- परदेस के विकास होही, कोयला खंनबो, बेचबो, बिजली पैदा होही ओला बेच के पइसा कमाबो। जब तरक्की होही ओकर से जनता अउ परदेश मं खुशहाली आही।

हसदेव ला केहेव- तोर दुख, करलेश, अउ परेशानी ला समझगेंव। प्रकृति महतारी- बाप मन अतेक सुंदर जल,जंगल, जमीन अउ परबत देहे तेकर बिंदरा बिनाश, धन कमाय के लालच मं मरे जाथ हें। महतारी-बाप के गला कतल करत हें। जब हवा-पानी हा नइ रइही तब जीहीं कइसे। अइसन नालायक अउ कुभारज बेटा मन कोन काम के, जउन दाई-ददा के हिनमान करत, हटकारत घर ले निकालत हे, मारे बर हाथ उठावत हे।

हसदेव ला केहेंव- जब मनखे के मति छरिया जथे, विनाश के समे आ जथे तब अइसने अनीति कोती कदम उठथे संगवारी।

मकर संक्रांति से सूर्य होंगे उत्तरायण दिन बड़ा और रात होगी छोटी

हिंदू धर्म में हर माह आने वाले व्रत-त्योहारों का विशेष महत्व होता है। हिंदू पंचांग के अनुसार पौष माह में मकर संक्रांति के त्योहार का खास महत्व माना जाता है। इस साल मकर सक्रांति का पर्व 15 जनवरी 2024 को मनाया जा रहा है। मकर संक्रांति पर गंगा स्नान, दान और पूजा-पाठ का विशेष महत्व होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मकर संक्रांति पर गंगा स्नान करके भगवान सूर्य को अर्घ्य देने से व्यक्ति के जीवन में हर तरह कष्टों से मुक्ति मिल जाती है और जीवन में सुख-सौभाग्य की प्राप्ति होती है। मकर संक्रांति को देशभर के कई भागों में अलग-अलग नामों से मनाया जाता है। उत्तर भारत में जहां इस त्योहार को खिचड़ी के त्योहार के रूप में मनाया जाता है तो गुजरात और महाराष्ट्र में इसे उत्तराणय के नाम से मनाया जाता है। दक्षिण भारत में इस त्योहार को पोंगल के रूप में मनाया जाता है। पंजाब में इसे लोहड़ी और असम में माघ बिहू पर्व मनाया जाता है। आइए जानते हैं मकर संक्रांति के त्योहार का महत्व क्यों विशेष माना जाता है।

तुलादान क्या है

हिंदू धर्म में वैसे तो दान को बहुत ही पुण्य कार्य माना गया है, जिससे ईश्वर भी प्रसन्न होते हैं. दान जीवनकाल में किया गया ऐसा पुण्यकर्म है, जिसका फल मरणोपरांत भी मिलता है. लेकिन सभी दानों में तुलादान को पुण्य दिलाने वाला दान माना जाता है. तुलादान ऐसे दान को कहते हैं, जो व्यक्ति के भार के अनुसार दिया जाता है. तुलादान में आपको स्वयं या जिसके लिए भी आपको दान करना है, उसके वजन के बराबर अनाज का दान किसी जरूरतमंद को कर दें।

तुलादान के नियम

तुलादान करते समय इस बात का ध्यान रखें कि, यह दान किसी ऐसे व्यक्ति को ही दें, जो असहाय या जरूरतमंद हो. कभी भी अघाये हुए हो तुलादान न करें, वरना इसका फल नहीं मिलता।

- मकर संक्रांति पर स्नान के बाद ही तुलादान करें. बिना स्नान किए किसी भी प्रकार का दान नहीं करना चाहिए।
- तुलादान यदि शुक्ल पक्ष के रविवार को किया जाए तो सबसे उत्तम माना जाता है.
- मकर संक्रांति पर दान का विशेष महत्व होता है. ऐसे में इस दिन किए तुलादान का महत्व और अधिक बढ़ जाता है।
- तुलादान में आप अनाज, नवग्रह से जुड़ी चीजें या सतनाज जैसे (गेहूं, चावल, दाल, मक्का, ज्वार, बाजरा, सावुत चना) का दान कर सकते हैं।

तुलादान की परंपरा की शुरुआत कैसे हुई

पौराणिक मान्यता के अनुसार, विष्णुजी के कहने पर ब्रह्मा जी द्वारा तुलादान को तीर्थों का महत्व तय करने के लिए कराया था. इसके साथ ही तुलादान को लेकर भगवान कृष्ण से जुड़ी एक धार्मिक व पौराणिक कथा खूब प्रचलित है, जिसके अनुसार- एक बार श्रीकृष्ण पर अपना एकाधिकार जमाने के

मकर संक्रांति हिंदू धर्म के प्रमुख त्योहारों में एक है. सूर्य देव जब धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करते हैं, तब मकर संक्रांति मनाई जाती है. मकर संक्रांति को खिचड़ी, पोंगल, संक्रांति, माघी और उत्तरायण आदि जैसे नामों से भी जाना जाता है. इस साल 2024 में मकर संक्रांति सोमवार 15 जनवरी को है। मकर संक्रांति के दिन लोग पवित्र नदी में स्नान करते हैं, सामर्थ्यनुसार दान देते हैं, सूर्य उपासना करते हैं और पूजा-पाठ आदि का करते हैं. इस दिन खिचड़ी खाने और दान करने का भी महत्व है. लेकिन इसी के साथ मकर संक्रांति पर तुलादान का भी विशेष महत्व है।

ऐसी मान्यता है कि, मकर संक्रांति पर किए तुलादान से बहुत लाभ होता है, इससे कई गुणा पुण्यफल मिलते हैं, संकटों से मुक्ति मिलती है और मोक्ष की भी प्राप्ति होती है।

लिए सत्यभामा ने उन्हें नारद मुनि को दान दे दिया. इसके बाद नारद मुनि कृष्ण को लेकर जाने लगे. इसके बाद सत्यभामा को अपनी भूल का एहसास हुआ।

लेकिन सत्यभामा के पास कोई कृष्ण को रोकने का रोई विकल्प भी नहीं था, क्योंकि वह तो पहले ही नारद मुनि को कृष्ण का दान कर चुकी थी। तब कृष्ण को दुबारा प्राप्त करे के लिए सत्यभामा ने नारद मुनि से इसके उपाय के बारे में पूछा. नारद मुनि ने सत्यभामा से कहा कि वह, भगवान कृष्ण का तुलादान कर दे। इसके बाद एक तराजू लाई गई।

तराजू के एक ओर श्रीकृष्ण बैठ गए और दूसरी ओर स्वर्ण-मुद्राएं, आभूषण, अन्न आदि रखे गए. लेकिन इतना सबकुछ रखने के बाद भी कृष्ण की ओर का पलड़ा नहीं तक हिला. ऐसे में रुक्मणी ने सत्यभामा को दान वाले पलड़े में एक तुलसी का पत्ता रखने को कहा. जैसे ही सत्यभामा ने दान वाले पलड़े में तुलसी का पत्ता रखा तो तराजू के दोनों पलड़े बराबर हो गए. इस समय श्रीकृष्ण ने ही तुलादान के महत्व के बारे में बताया था।

मकर संक्रांति का धार्मिक महत्व

मकर संक्रांति के ज्योतिषीय महत्व के साथ-साथ इसका धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व भी बड़ा माना गया है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार सूर्यदेव शनिदेव के पिता हैं। मकर संक्रांति के दिन सूर्य देव अपने पुत्र शनि के घर जाते हैं जहां के एक महीने तक रहते हैं। शनिदेव मकर और कुंभ राशि के स्वामी हैं। इस तरह से मकर संक्रांति पिता और पुत्र के मिलन के रूप में देखा जाता है। वहीं एक दूसरी कथा के अनुसार मकर संक्रांति के दिन ही भगवान विष्णु ने असुरों के आतंक से पृथ्वी लोक के वासियों को मुक्ति कराने के लिए असुरों का संहार कर उनके सिरों को काटकर मंदरा पर्वत पर गाड़ दिया था। तब से ही मकर संक्रांति का त्योहार मनाया जाता है। इसके अलावा मकर संक्रांति नई ऋतु के आगमन के तौर पर भी मनाया जाता है। मकर संक्रांति से ऋतु में बदलाव आने लगता है। शरद ऋतु की विदाई होने लगती है और बसंत ऋतु का आगमन शुरू हो जाता है।

मकर संक्रांति का ज्योतिषीय महत्व

मकर संक्रांति के त्योहार का ज्योतिष में विशेष महत्व माना जाता है। हर साल मूल रूप से मकर संक्रांति 14 जनवरी को मनाई जाती है। इसी दिन से सूर्य उत्तराणय होते हैं। वैदिक ज्योतिषशास्त्र के अनुसार मकर संक्रांति पर सूर्य धनु राशि की यात्रा को विराम देते हुए मकर राशि में प्रवेश करते हैं। दरअसल सभी हिंदू व्रत और त्योहारों की तिथियों की गणना चंद्रमा पर आधारित पंचांग के अनुसार करते हैं, लेकिन मकर संक्रांति का पर्व सूर्य पर आधारित पंचांग के आधार पर करते हैं। पूरे एक वर्ष में कुल 12 संक्रान्तियां होती हैं। जिसमें चार संक्रांति मेष, कर्क, तुला और मकर संक्रांति बहुत महत्वपूर्ण मानी गई हैं। पौष मास में जब सूर्य धनु राशि से निकल मकर राशि में प्रवेश करते हैं तो मकर संक्रान्ति के रूप में जाना जाता है। सूर्य के मकर रेखा से उत्तरी कर्क रेखा की ओर जाने को उत्तरायण और कर्क रेखा से दक्षिणी मकर रेखा की ओर जाने को दक्षिणायण कहते हैं।

मकर संक्रांति का शुभ मुहूर्त

उदयातिथि के अनुसार, मकर संक्रांति इस बार 15 जनवरी 2024 को मनाई जाएगी. इस दिन सूर्य रात 2 बजकर 54 मिनट पर मकर राशि में प्रवेश करेंगे। मकर संक्रांति पुण्यकाल - सुबह 07:15 से शाम 6 : 21 तक, मकर संक्रांति महा पुण्यकाल - सुबह 07 : 15 से सुबह 9 : 06 तक।

मकर संक्रांति पर 77 साल बाद बन रहा ये शुभ संयोग

मकर संक्रांति के दिन सूर्य उत्तरायण होता है और मकर राशि में प्रवेश करता है. साथ ही इस बार की मकर संक्रांति बेहद खास मानी जा रही है क्योंकि मकर संक्रांति पर 77 साल बाद खास संयोग बनने जा रहा है जो कुछ राशियों के लिए शुभ माना जा रहा है। इस बार मकर संक्रांति 15 जनवरी 2024 को मनाई जाएगी. सूर्य के उत्तरायण होने पर खरमास भी समाप्त होगा और सारे मांगलिक कार्य शुरू हो जाएंगे. इस बार की मकर संक्रांति बहुत खास मानी जा रही है क्योंकि इस दिन सालों बाद कुछ दुर्लभ योग का संयोग बन रहा है जिससे कुछ राशियों के अच्छे दिन शुरू होंगे. मकर संक्रांति का दिन सूर्य की पूजा के लिए विशेष होता है. ऐसे में इस दिन विशेष राशियों का भाग्य सूर्य की तरह चमक उठेगा। ज्योतिषाचार्य और काशी विश्वनाथ मंदिर के ट्रस्टी सदस्य पंडित दीपक मालवीय के अनुसार आइए जानते हैं मकर संक्रांति का पर्व किन राशियों के जीवन में लाएगा अपार सफलता।

मकर संक्रांति पर बन रहा है ये शुभ संयोग

पंडित दीपक मालवीय ने आगे बताया कि 15 जनवरी 2024 को मकर संक्रांति पर 77 सालों के बाद वरीयान योग और रवि योग का संयोग बन रहा है. इस दिन बुध और मंगल भी एक ही राशि धनु में विराजमान रहेंगे, इन ग्रहों की युति राजनीति, लेखन में कार्य कर रहे लोगों के लिए बहुत लाभदायक होती है।

वरीयान योग – 15 जनवरी को यह योग प्रातः 2 बजकर 40 मिनट से लेकर रात 11 बजकर 11 मिनट तक रहेगा

रवि योग – 15 जनवरी को सुबह 07 बजकर 15 मिनट से लेकर सुबह 08 बजकर 07 मिनट तक रहेगा

सोमवार – पांच साल बाद मकर संक्रांति सोमवार के दिन पड़ रही है. ऐसे में सूर्य संग शिव का आशीर्वाद भी प्राप्त होगा।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1761 में 14 जनवरी के दिन ही भारत में मराठा शासकों और अहमदशाह दुर्रानी के बीच पानीपत का तीसरा युद्ध हुआ था।1809 में आज ही के दिन इंग्लैंड और स्पेन ने 'नेपोलियन बोनापार्ट' के खिलाफगठबंधन किया था। 1867 में 14 जनवरी के दिन पेरू ने स्पेन के खिलाफजंग का ऐलान किया था। 1912 में आज ही के दिन रेमंड पोंकारे फ्रांस के प्रधानमंत्री बने थे। 1918 में 14 दिन ही के दिन फ्रांस के पूर्व प्रधानमंत्री जोसेफकैलाक्स को देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।1950 में आज ही के दिन ईरान में मुहम्मद सईद ने सरकार का गठन किया था। 1969 में आज ही के दिन भारत के दक्षिणी राज्य मद्रास का नाम बदलकर तमिलनाडु किया गया था।1966 में 14 जनवरी के दिन ही इंडोनेशिया ने राष्ट्रसंघ स्थित अपना मिशन बंद कर दिया था। 1974 में 14 जनवरी के दिन ही विश्व फुटबाल लीग की स्थापना की गई थी।1975 में आज ही के दिन सोवियत संघ ने अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को खत्म किया था। 1982 में 14 जनवरी के दिन ही इंदिरा गांधी ने 20सूत्रीय कार्यक्रम की घोषणा की थी।

QUIZ TIME

1) मुखौटा नृत्य का संबंध किस नृत्य शैली से है?

2) सुक्सेस मसरा हाल ही में किस देश के नए प्रधानमंत्री नियुक्त किया गए है?

3) प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना को लागू करने वाला देश का पहला केन्द्रशासित प्रदेश हाल ही में कौन सा बना है?

4) दुनिया का सबसे छोटा जेल कहां स्थित है?

5) फरवरी 2024 के दौरा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किस देश के पहले हिन्दू मंदिर का उद्घाटन किया जाएगा?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) कथकली (2) चाड (3) जम्मू कश्मीर (4) सार्क जेल, इंग्लैंड और फ्रांस के बीच पड़ने वाले गुवेर्नसी आइलैंड पर दुनिया की सबसे छोटी जेल है (5) संयुक्त अरब अमीरात

आज का पंचांग



सूर्योदय: 07:21 सूर्यास्त: 05:43
चन्द्रोदय: 26:55 चन्द्रास्त: 13:04
अयन उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय)
ऋतु: शिशिर शक सम्वत: 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वत: 2080 (पिंगल)
मास -पौष पक्ष कृष्ण , तिथि एकादशी
नक्षत्र- विशाखा, योग -शूल
प्रथम करण -वणिज (12:20 तक)
द्वितीय करण *-विष्टि (24:41 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य धनु, चंद्र तुला
मंगल -धनु (अस्त, पश्चिम, मार्गी)
बुध- वृश्चिक (अस्त, पूर्व, मार्गी)
गुरु - मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी)
शुक्र- वृश्चिक (उदित, पश्चिम, मार्गी)
शनि -कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी)
राहु -मीन
केतु- कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त- 12:02 से 12:43
अमृत काल -12:01 से 13:43
सर्वार्थसिद्धि योग - 07:14 से 21:23
विजय मुहूर्त -14:05 से 14:47
गोधूलि मुहूर्त - 17:28 से 17:56
सायाह्न सन्ध्या - 17:31 से 18:53
निशिता मुहूर्त - 23:55 से 24:50
राहुकाल-16:30 से 18:00
राहुवास- पूर्व

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष- कल का दिन ठीक रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आपके ऑफिस में आपकी परिस्थितियों आपके नियंत्रण से बाहर जा सकती है।

वृषभ- आप अपने दफ्तर में सहयोगियों से पूरा काम ले और उनसे लाभ पाने के लिए उनके काम पर भी बहुत कड़ी निगरानी रखें अन्यथा, वह कार्य में गड़बड़ी कर सकते हैं और आप परेशानी में पड सकते हैं.

मिथुन- कल का दिन अच्छा रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो आप अपने दफ्तर में आपके बॉस आपसे आपके कार्य का ब्यौरा मांग सकते हैं, इसीलिए आप अपने बॉस के कार्य मांगने से पहले ही अपनी रिपोर्ट तैयार करके रखें.

कर्क- कल का दिन ठीक-ठाक रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें टारगेट वाले कार्य करने वाले जातकों के लिए कल का दिन अच्छा रहेगा, वह अपना टारगेट आसानी से पूरा कर सकेंगे।

सिंह- नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो सरकारी विभागों में कार्य करने वाले जातकों को कल उनके अच्छे काम को देखते हुए प्रमोशन मिल सकता है.

कन्या- नौकरी करने वाले छात्रों की बात करें तो कल आप अपने ऑफिस में कम से कम गलतियां करें, अन्यथा आपके अधिकारी आपसे ना खुश हो सकते हैं. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो लोग अपने ग्राहकों को देवता समझ कर उनका सम्मान करें.

तुला- आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आप नौकरी में अपने नए करियर की शुरुआत कर सकते हैं.

वृश्चिक-नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आप अपने बॉस से अपना अच्छा सपन संपर्क बनाने का प्रयास करें, तभी आपको प्रमोशन मिल सकता है.

धनु-कल का दिन अच्छा रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो यदि आप पिछली नौकरी से परेशान होकर किसी नई नौकरी के लिए आवेदन दिया है तो आपकी उसके लिए इंटरव्यू की कॉल आ सकती है

मकर-कल का दिन अच्छा रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आप आवश्यक कार्य को लेकर धैर्य रखें, जरूरी कार्य को करने में कोई जल्दबाजी न करें.

कुंभ-कल का दिन अच्छा रहेगा. नौकरी करने वाले को अपने कार्य पर और अधिक फोकस करना होगा, तभी उन्हें सफलता की प्राप्ति हो सकती है. व्यापार करने वाले जातकों के लिए कल का दिन ठीक रहेगा.

मीन-कल का दिन अच्छा रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो आप जिस कंपनी में कुछ समय पहले नौकरी कर रहे थे, आपको वहां से फिर से नौकरी का ऑफर मिल सकता है और आपको पैसा और पद अच्छा मिले तो आपको वहां पर कार्य ज्वाइन कर लेना चाहिए.

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -302

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं :

1. लज्जत, जायका 2. मुकाबला, भेंट, होड़ 5. बंदी, कैद की सजा पाने वाला व्यक्ति 7. खल-पात्र, नाटक फिल्म आदि का बुरा पात्र 9. कामी, व्याभिचारी 10. इज्जत जाना, बेइज्जती होना (उपमा)11. ऊटपटांग, विचित्र, कठिन 13. वैभव, ठाट-बाट 14. साथ, सहित 15. कामदेव की पत्नी, प्रेम 16. मैं का बहुवचन 17. दरवाजे-दरवाजे 20. एक राशि, मगर 22. नमी, सीड़, मुहर, ठप्पा 23. औषधालय, चिकित्सालय।

ऊपर से नीचे

1. आत्मनिर्भर, स्वालंबन भावना से युक्त, स्वाश्रित 2. वर्ष, बरस 3. राजी करना, रूठे हुए को खुश करना, प्रसन्न करना 4. नाटक फिल्म आदि का मुख्यपात्र 6. दीवानगी, पागलपन, 7. दो वस्तुओं के टकराने से उत्पन्न ध्वनि, बैर-विरोध, अनबन 8. खीरे की प्रजाति का एक फल 11. बेवकूफ, मूर्ख 12. बादल, मेघ 13. बहुत चालाक, होशियार 14. जिसका मत दूसरे से मिलता हो, 15. दांत, दंत 18. प्राप्ति, वस्तु आदि मिलने का प्रमाण पत्र 19. दंगा-फसाद, उपद्रव विप्लव 21. बचाव, सुरक्षा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 301का हल

ग	ल	त	■	■	■	खा	म	खाँ
णे	■	ल	■	झ	प	की	■	■
श	र	ब	त	■	रं	■	■	मि
■	ज	गा	ना	■	प	रा	का	ष्ठा
■	नी	र	■	वि	रा	ज	मा	न
ना	च	■	■	प	■	■	य	■
म	र	णा	स	न्न	■	पा	नी	■
ची	■	■	प	■	पा	■	■	भो
न	ज	रा	ना	■	स	मा	चा	र

न्यूज गैलरी

सेवानिवृत्त शिक्षक को दी विदाई

कोंडागांव/नवप्रदेश। शासकीय प्राथमिक शाला एवं शासकीय माध्यमिक शाला बड़ेकनेरा संकुल बकोदागुड़ा के प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक कमलू राम कोर्राम को सेवानिवृत्त होने पर स्कूली बच्चों द्वारा प्रधान पाठक को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान कोर्राम ने सेवा में आने से और सेवानिवृत्त होने तक सभी यादों साझा किया। इस अवसर पर महिला स्व सहायता समूह की सदस्य, माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक आत्माराम तलवार व प्राथमिक शाला की प्रधान पाठिका सिरमो ध्रुव, शिक्षिका गिरिजा निषाद, प्रमिला कुमेटी, पाण्डेय मैडम व शिक्षक राजकुमार देवांगन, रामेश्वर मेरावी, ईशमन बघेल एवं अध्ययनरत बच्चे मौजूद थे।

उजरीबाई को सेवा संस्था ने दिया व्हीलचेयर

कोण्डागांव/नवप्रदेश। बाबा साहब सेवा संस्था कोण्डागांव ने उजरीबाई कोर्राम को व्हीलचेयर प्रदान किया। समाज कल्याण विभाग कोण्डागांव के सहयोग से यह पुण्य कार्य संभव हुआ है। उजरीबाई पति पूरन सिंग कोर्राम ग्राम चिपावंड के निवासी हैं, जो वर्तमान में कोण्डागांव के प्रेम नगर में उनकी बड़ी बेटी के यहां रह रही है। बाबा साहेब सेवा संस्था को बिरज नाग के माध्यम से उजरीबाई की समस्या का पता चलते ही बाबा साहेब सेवा संस्था कोण्डागांव ने जाकर व्हीलचेयर भेंट किया। इस कार्यक्रम में संस्था के संरक्षक पंचूराम सागर, अध्यक्ष मुकेश मारकंडेय, पुष्कर सिंह मांडवी, ओमप्रकाश नाग, बिराज नाग, देवानंद चोरे, सिद्धार्थ महाजन, संदीप वासनीकर आदि उपस्थित थे।

डीएवी में मनाया राष्ट्रीय युवा दिवस

किरन्दुल/नवप्रदेश। स्वामी विवेकानंद की जयंती पर डी ए वी

पब्लिक स्कूल किरदुल में राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन हुआ। इसमें स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण कर विद्यालय के प्राचार्य पी एल वर्मा ने कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं एवं बच्चों ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विभिन्न वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। युवा दिवस समारोह का प्रसारण विद्यालय के सभागार में बच्चों को दिखाया गया और स्वामी विवेकानंद से प्रेरणा लेकर के देश के विकास में अपना योगदान देने के लिए जागरूक रहने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक एन एस एस प्रभारी के पी सिनहा एवं प्राचार्य पी एल वर्मा ने छात्रों को संबोधित किया और आगामी परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए विवेकानंद से प्रेरणा लेकर के अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की सीख दी।

पेंटर ने दीवार पर उकेरी राम मंदिर की तस्वीर

कांकेर/चारामा/नवप्रदेश। रामजन्म जन्मभूमि अयोध्या पूरे देश के अलावा विदेशों में भी इन दिनों चर्चा का केन्द्र बना हुआ है। 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जगह जगह अक्षत कलश यात्रा के माध्यम से प्रभात फेरी तथा दिनभर विभिन्न भक्त जनों के द्वारा स्व-स्फूर्त गली कुचों में जहां बच्चों में उत्साह दिख रहा है, वहीं महिलाएं भी किसी से कम नहीं है। पूरा माहौल राममय हो चुका है। इसी तरह नगर के हृदय स्थल में अंचल के प्रसिध्द चित्रकार रंग राजू के नाम विख्यात जो गोला बीड़ी कारखाना की लंबी दीवार पर अयोध्या के राम मंदिर की तस्वीर उकेरी है। यह चित्रांकन भगवान राम लला के प्राणप्रतिष्ठा 22 जनवरी को समर्पित है। माता सीता तथा राम भक्त हनुमान को चित्र के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। जिसे देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है। सभी ने प्रशंसा की है। चित्रकार रंग राजू ने बताया की लोगो की भक्तिभावना को देखते हुए उनके मन में भी यह भावना बलवती होती गई और परिकल्पना को दीवार में उकेरना उनकी इच्छाशक्ति का परिणाम है। उनके इस पुनीत कार्य में अन्य चित्रकार भाइयों का विशेष सहयोग मिला।

पैराडाइज स्कूल युवाओं को उत्कृष्ट मानव संसाधन बनाने के लिए प्रतिबद्ध : रश्मि रजक

स्कूल में मनाया युवा दिवस

कांकेर/नवप्रदेश। पैराडाइज हायर सेकेंडरी स्कूल में स्वामी विवेकानंद का जन्म दिवस 12 जनवरी युवा दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन को बताया गया। इसके साथ ही साथ विभिन्न क्रियाकलापों का आयोजन किया गया। इसमें प्रमुख रूप से इंग्लिश स्पीच राबिया फातिमा द्वारा, हिन्दी स्पीच हिमांश्री सिन्हा द्वारा, हिन्दी व इंग्लिश में स्वामी विवेकानंद स्लोगन अवनी यादव, आकांक्षा ठाकुर, अनीएनजल आनंद, माहिरा खान, प्रेरणा यादव, योगिता खेलन, पीहू हिरदानी, ओमप्रकाश किशन, मान्यता पटेल, करूणावासिनी मंडावी एवं जी.के.का क्वेश्चन लिपी बोरकर द्वारा बोला गया। इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद के जीवन व कार्यों पर प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया।

पैराडाइज स्कूल में मिडिल एवं हाई स्कूल के छात्रों के लिये यूथ इंपावरमेंट प्रोग्राम का भी आयोजन किया जाता है। जिसमें युवा अपनी शक्तियों का विकास कर अपना अच्छा कैरियर बनाते हुये समाज की सेवा में अपने

जीवन को लगा देने का शिक्षण व प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। इस कार्यक्रम के दौरान उन्हे नैतिक शिक्षा, सामाजिक सेवा, कैरियर गाइडेंस, शारीरिक शिक्षा, लोक संगीत की शिक्षा, नृत्य की शिक्षा एवं कोऑपरेटिव शिक्षा ग्रहण करते है। पैराडाइज स्कूल हमारे देश के युवाओं को उत्कृष्ट मानव संसाधन बनाने के लिये प्रतिबद्ध है।

मिडिल, हाई एवं हायर सेकेण्डरी कक्षाओं के युवाओं को उत्कृष्ट मानव संसाधन एवं आदर्श नागरिक बनाने के विभिन्न क्रिया कलापों का आयोजन करवाने मे प्राचार्य रश्मि रजक, मैनेजर योगेश रजक, उप प्राचार्य हरिन्द्र गोलुगिरी, एडमिनिस्ट्रेटर हमीद खान वरिष्ठ शिक्षक प्रीति झा, रूबी खान, पवित्र बढ़ाई, अरबिंद माहतो, दीपांजली गोगोई, स्वाति गुप्ता, वर्षा रमानी, तीरथ साहू, मेघा सेवा, सबाना परवीन, कृष्णापद कुंभकार, इतिश्री गोलुगिरी, सुचिस्मिता खान, भारती सेठिया, प्रतीक सिंह ठाकुर, संगीता भारती, रीया सोनी, प्रीतिलता सोरी, सरिता मिश्रा, अवतार सिंह, शिखा मेहरा अनिल ढाके, उज्जवल निर्मलकर आकांक्षा यादव दीप्ति सोनी टाकेश्वर साहू सुकदेव सरकार रामेश्वरी साहू नोमन साहू ज्योति सलाम अपूर्वा ठाकुर कोमल साधवानी, शांतिलीना नेताम, तुलसी निषाद, शशिकांत देशमुख आदि शिक्षकों का विशेष योगदान रहता है।

धान खरीदी केंद्र पहुंचे कलेक्टर, प्रभारी और ऑपरेटर को दिया नोटिस

धान खरीदी में अनियमितता पर भड़के, गांववार रोस्टर के हिसाब से खरीदी करने की दी हिदायत

कांकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने आज जिले के धान उपार्जन केन्द्र कोरर, भानुप्रतापपुर, संबलपुर एवं दुर्गूकोंदल का आकस्मिक निरीक्षण किया और समिति प्रभारियों को धान खरीदी के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने धान बेचने के लिए पहुंचे किसानों के धान का अवलोकन किया और मौके पर धान को अपने समक्ष तौलाकर भी देखा। इस दौरान कलेक्टर ने खरीदी केन्द्र में पेयजल व्यवस्था, बिजली व्यवस्था, बारदाना, तराजू-बांट आदि का भी अवलोकन किया और धान की नमी की जांच की। उन्होंने धान बेचने आए किसानों से चर्चा की और उनसे अपील करते हुए कहा कि वे अपने धान को अच्छी तरह साफ कर एवं सूखाकर लाएं।

कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान धान खरीदी केन्द्र प्रभारियों को सख्त हिदायत दी कि किसानों से धान खरीदी के लिए गांववार तैयार किए गए रोस्टर का पालन करें। खरीदी केन्द्रों में धान आने पर इसकी स्टेकिंग की जाए। पहले से स्टेकिंग किए गए धान का पहले परिवहन किया जाए। इसी प्रकार व्यवस्थित रूप से धान खरीदी के लिए किसानों को एक सप्ताह पहले से टोकन काटे जाएं। साथ ही उन्होंने केन्द्रों में व्यवस्थित ढंग से खरीदी करने एवं किसानों से अच्छे से व्यवहार करने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान धान उपार्जन केन्द्र दुर्गूकोंदल व भानुप्रतापपुर में कर्मचारी समय पर उपस्थित नहीं पाए गए। साथ ही धान तौल के दौरान किसानों से अधिक तौल करना पाया गया। जिन किसानों के द्वारा अपना संपूर्ण धान विक्रय किया जा चुका है व जिन किसानों के पास विक्रय हेतु धान उपलब्ध नहीं है, उन किसानों का रकबा समर्पण की कार्यवाही में रूचि नहीं ली गई है। कलेक्टर ने दुर्गुकोंदल व भानुप्रतापपुर के खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी कार्य में अनियमितता को देखते हुए खरीदी प्रभारियों व आपरेटरों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

खाद्य अधिकारी जन्मेजय नायक

खेल प्रशिक्षण केंद्रों में पहुंचे कलेक्टर व्यवस्था सुधारने जारी किया फरमान

कोंडागांव/नवप्रदेश। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने शुक्रवार को कोंडागांव जिला मुख्यालय स्थित खेल अधोसंरचनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने बालक छात्रावास परिसर में आईटीबीपी के माध्यम से दिए जा रहे तीरंदाजी प्रशिक्षण के साथ ही एनसीसी मैदान तथा बंधापारा में निर्माणाधीन तीरंदाजी प्रशिक्षण केन्द्र, वॉलीबाल, कबड्डी मैदान और जुडो का निरीक्षण किया। उन्होंने बालक छात्रावास परिसर में दिए जा रहे प्रशिक्षण का अवलोकन करने के साथ ही यहां संचालित अन्य गतिविधियों की जानकारी ली।

आईटीबीपी के तीरंदाजी कोच ने बताया कि यहां कोंडागांव जिले के विभिन्न क्षेत्रों के 22 बालक-बालिकाएं तीरंदाजी का प्रशिक्षण ले रही हैं। इसके साथ ही यहां बालक छात्रावास के बच्चे भी कबड्डी, खो-खो, वॉलीबाल और फुटबॉल का अभ्यास करते हैं। कलेक्टर ने इस दौरान यहां तीरंदाजी का अभ्यास कर रही रमिता सोरी और सावित्री मंडावी व रोहित कुमार के अचूक निशानों को देखकर प्रशंसा की। कलेक्टर ने बंधापारा में निर्माणाधीन तीरंदाजी प्रशिक्षण केन्द्र में निर्मित विभिन्न अधोसंरचनाओं का अवलोकन किया। वॉलीबाल और कबड्डी मैदान के निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्राक्कलन के अनुसार सभी निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने इसके साथ ही यहां निर्मित टेबल टेनिस हॉल का भी निरीक्षण किया और खिलाड़ियों को बेहतर खेल अधोसंरचना उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने मैदानों में पानी की निकासी हेतु आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के साथ ही निर्धारित मापदंड अनुसार ही खेल अधोसंरचनाओं के निर्माण पर जोर दिया। इस दौरान अनुविभागीय दण्डाधिकारी सुश्री निकिता मरकाम, डिप्टी कलेक्टर अंकित चौहान, वरिष्ठ खेल अधिकारी सुश्री सुधा कुमार, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के प्रभारी कार्यपालन अभियंता अजय चौधरी उपस्थित थे।

कांग्रेस पार्टी दबे कुचले तबके के विकास के लिए प्रतिबद्ध : सविता

पखांजूर/नवप्रदेश। आज भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक श्रीमती सावित्री मांडवी का भानुप्रतापपुर क्षेत्र के अंतिम छोर पचांगी पहुंची। जहां उनका पारंपरिक रीति-रिवाज से उनका स्वागत किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने उनके सामने अपनी मांगे रखी।

सावित्री मंडावी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से दबे कुचले, पिछड़े और किसानों के हित के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने सभी पालकों से अपने बच्चों की शिक्षा पर ध्यान देने की बात कही। इस क्षेत्र की महिला जब तक शिक्षित नहीं होगी। तब तक क्षेत्र का विकास नहीं होगा। उन्होंने महिलाओं को कहा कि आगामी फरवरीमें विधानसभा सत्र में अंदरूनी क्षेत्र के ग्राम पचांगी से 15 से 20 महिलाओं को विधानसभा भवन, संचालनालय का भ्रमण कराएंगी। पत्रकारों से कहा कि भाजपा ने किसानों से किया हुआ वादा पूरा नहीं किया। धान का समर्थन मूल्य आज तक नहीं दिया गया। इसका पुरजोर विरोध किया जाएगा विधानसभा सत्र में सरकार को इसका जवाब देना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा किसानों के हित के लिए खड़ी है।

कृषि विज्ञान केन्द्र में मनाया युवा दिवस

कांकेर/नवप्रदेश। रामप्रसाद पोटाई कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, सिंगारभाट कांकेर व कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, पखांजूर के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के अंतर्गत 11 व 12 जनवरी को युवा दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भरत मटियारा ने स्वामी विवेकानंद के विचारों को विद्यार्थियों के समक्ष रखा तथा उन्हें अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने हेतु प्रोत्साहित किया ताकि भारत एक विकसित राष्ट्र बन सके। विशिष्ट अतिथि देवेन्द्र भाउ ने स्वामी विवेकानन्द के आदर्श विचारों को युवाओं को सीखने के लिए प्रोत्साहित किया। वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केन्द्र डॉ. बीरबल साहू ने युवाओं को विकास के पिलर के रूप में संबोधित किया। प्रभारी अधिष्ठाता डॉ. प्रमोद कुमार नेताम ने महाविद्यालय में सीताफल पल्प से आइसक्रीम बनाना, मूंगफली, सरसों, चना, मटर व लघु धान्य फसल रागी का बीज उत्पादन शिक्षा एवं अनुसंधान कार्यो के बारे में अवगत कराया तथा राष्ट्रीय युवा दिवस एवं विकसित भारत/2047 अभियान में युवाओं को अपनी भागीदारी देने के लिए प्रेरित किया।

राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य पर महाविद्यालय में एक दिवस पूर्व विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था।

युवाओं को नेतृत्व क्षमता के विकास के लिए दिया प्रशिक्षण

कोंडागांव/नवप्रदेश। युवा दिवस के उपलक्ष्य में जिला कार्यालय में आयोजित कार्यशाला में युवोदय कोंडानार चैंप्स के स्वयंसेवकों को मानसिक रूप से सशक्त होकर अपनी जिम्मेदारी और गांव में उनकी भागीदारी के विषय में क्षमतावर्धन हेतु प्रशिक्षण दिया गया। एक युवा किस प्रकार अपने गांव, जिले तथा राज्य के विकास में सहयोग देते हुए कार्य कर सकते हैं इसके संबंध में बताया गया। इस शिविर में स्वयंसेवकों को आयुष्मान कार्ड बनाने में सहयोग और सोशल मीडिया के माध्यम से उनके कार्यो को जन-जन तक पहुंचाने के तरीकों को सिखाया गया। गौरतलब है कि जिला प्रशासन एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में युवोदय कोंडानार चैंप्स के जरिए जिले के युवाओं को सशक्त बना कर उनमें नेतृत्व का गुण विकसित कर सक्षम बनाने हेतु प्रोत्साहन दिया जा रहा है। जिससे वे अपने क्षेत्रों में अधिक से अधिक संख्या में सामाजिक गतिविधियों में शामिल हों और नवनिर्माण के लिए सक्रिय रूप से योगदान कर सकें।

कांकेर के दिव्यांग बच्चों ने देखी जंगल सफारी, पुरखौती मुक्तांगन और अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम

कांकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन में समग्र शिक्षा समावेशी शिक्षा के तहत् शालाओं में अध्यनरत् चिन्हांकित दिव्यांग बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। शैक्षणिक भ्रमण को डीईओ भुवन जैन एवं जिला मिशन समन्वयक दिनेश नाग द्वारा गत दिवस 11 जनवरी को प्रातः 08 बजे हरी झण्डी दिखाकर रायपुर के लिए रवाना किया। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी दिव्यांग बच्चों एवं भ्रमण दल को शुभकामनाएं देते हुये कहा कि पढ़ाई के साथ ही साथ हमें नये-नये जगह घूमने का अवसर मिला है, जिससे हमें बहुत सी जानकारियां व ज्ञान भी मिलती है। सभी बच्चे अच्छे से घूमें और इनकी जानकारी अपने साथी को भी दें, जिससे समावेशी शिक्षा की अवधारणा सफल हो सके।

शैक्षणिक भ्रमण में विकासखण्ड अंतागढ़ से 5, भानुप्रतापपुर से 6, चारामा से 10, दुर्गूकोंदल से 4, कांकेर से 15 और नरहरपुर से 10 इस प्रकार जिले के कुल 50 चिन्हांकित दिव्यांग बच्चें व सहयोगी, शिक्षकों को सर्वप्रथम नया रायपुर में जंगल सफारी का भ्रमण कराया गया, इस दौरान सभी बच्चों को सफारी एवं जू दोनों का भ्रमण कराते हुये आवश्यक जानकारी भ्रमण दल के टीम लीडर व गाईड के द्वारा प्रदान किया गया। तत्पश्चात नया रायपुर के शहीद वीरनारायण सिंह अंतराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम और पुरखौती मुक्तांकन का भ्रमण कराया गया। इस प्रकार से सभी स्थानों के भौगोलिक परिस्थितियों की जानकारी दी गई व पुरखौती मुक्तांगन बस्तर के विभिन्न सांस्कृतिक परम्परा के संबंध में बताते हुए भ्रमण कराया गया। सभी दिव्यांग बच्चों ने बड़ी उत्साह एवं तन्मयता के साथ इस भ्रमण कार्यक्रम में भाग लिए तथा भविष्य में भी इस तरह के भ्रमण में और आने की इच्छा जाहिर किये।

भ्रमण कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए जिला कार्यालय से ए.पी.सी. पंकज श्रीवास्तव, बी.आर.पी. समावेशी शिक्षा विनोद राजपूत, डिकेश साहू, दीपक सोनवानी, श्रीमती रेखा खण्डुरी, स्पेशल एजुकेटर शैलेन्द्र साहू के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में भ्रमण कराया गया। साथ ही सभी विकासखण्ड के नियुक्त नोडल बी.आर.पी. समावेशी शिक्षा, वाहन प्रभारी का आवश्यक सहयोग रहा।

प्रथम पृष्ठ का शेष

मुरैना में कोहरे की वजह से

16 जनवरी से एक और वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होने का अनुमान है। इससे रात का तापमान ज्यादा नहीं गिरेगा। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, सिस्टम गुजरने के बाद ही रात के तापमान में गिरावट होगी और ठंड असर दिखाएगी। हालांकि, दिन ठंड रहेंगे। ज्यादातर शहरों में टेम्प्रेचर 25 डिग्री के आसपास ही रहेगा।

नीतिश के इंकार के बाद

मौका नहीं है, जब ममता बनर्जी ने बैठक में आने से इनकार किया है। दिसंबर 2023 में भी ममता गठबंधन की बैठक में शामिल नहीं हुई थीं। तब उन्होंने कहा था कि कांग्रेस ने बैठक की जानकारी दो दिन पहले दी। ऐसे में मैं पहले से तय अपने कार्यक्रम रद्द नहीं कर सकतीं।

राष्ट्रीय लक्ष्यों के लिए मिलती है

व्यक्तित्व में एक अद्भुत दैवीय आकर्षण पैदा होता था। उसकी अनुभूति आज भी जूनागढ़ और मढड़ा के सोनल धाम में की जा सकती है। उन्होंने कहा कि श्री सोनल मां की ओजस्वी वाणी खुद इसका एक बहुत बड़ा उदाहरण रही है। उन्हें पारंपरिक पद्धति से कभी शिक्षा नहीं मिली, लेकिन, संस्कृत भाषा उस पर भी उनकी अद्भुत पकड़ थी तथा शास्त्रों का उन्हें गहरा ज्ञान प्राप्त था। उनके मुख से जिसने भी रामायण की मधुर कथा सुनी, वो कभी नहीं भूल पाया।

'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' की

रहे हैं। पिछले 10 साल में सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक अन्याय हुआ है, उसी को ध्यान में रखते हुए ये 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' निकाली जा रही है।

महाराष्ट्र में कांग्रेस को झटका,

मुरली देवड़ा के बेटे हैं। मुंबई दक्षिण सीट से हमेशा से ही कांग्रेस जीतती आई है और देवड़ा परिवार कई साल से इस संसदीय क्षेत्र से जुड़ा हुआ है। लेकिन इस सीट से सांसद उद्धव गुट के नेता अरविंद सावंत हैं। सावंत इस सीट से दो बार चुने जा चुके हैं। लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी गठबंधन में सीट शेयरिंग को लेकर चर्चा हो रही है। इस गठबंधन में उद्धव गुट की पार्टी शिवसेना (यूबीटी) भी शामिल है। उनके नेता अरविंद सावंत दो बार इस सीट को जीत चुके हैं। ऐसे में उद्धव कांग्रेस को ये सीट नहीं देना चाहेंगे। ऐसे में माना जा रहा है कि गठबंधन की वजह से मिलिंद देवड़ा को कांग्रेस से टिकट नहीं मिलेगा।

सीईसी-ईसी की नियुक्ति

जताई थी। विपक्षी दलों का कहना था कि सरकार सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के आदेश के खिलाफबिल लाकर उसे कमजोर कर रही है। इससे पहले, सुप्रीम कोर्ट ने मार्च 2023 में एक आदेश में कहा था कि सीईसी की नियुक्ति प्रधानमंत्री, चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया और विपक्ष के नेता की सलाह पर राष्ट्रपति करें।

शराब घोटाले में केजरीवाल

गैरकानूनी और राजनीति से प्रेरित बताया था। 21 दिसंबर का समन मिलने के बाद केजरीवाल 10 दिन के विपश्यना के लिए पंजाब के होशियारपुर चले गए थे। वहीं, ईडी ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को आठवां शेष पृष्ठ 6 पर

समन भेजा है। एजेंसी ने उनसे अब तक पूछताछ के लिए नहीं आने का कारण पूछा है। इस मामले में जवाब देने के लिए एक 16 से 20 जनवरी तक का समय दिया है। आम आदमी पार्टी ने 3 जनवरी को कहा- हम ईडी की जांच में सहयोग करने के लिए तैयार हैं, लेकिन ईडी का समन गैरकानूनी है। ये केजरीवाल को गिरफ्तार करने की साजिश है, ताकि लोकसभा चुनाव में केजरीवाल प्रचार न कर सकें।

शहडोल में खुलेगा नया शासकीय

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने जनजातीय वर्ग के विकास के लिए पहल की है। किसी समय मिलेट्स (श्रीअन्न) को गरीबों का अन्न कहा गया था, हमारे देश का मुख्य आहार चावल, कोदो-कुदकी, ज्वार-बाजरा ही रहा है। यह स्वास्थ्य के लिए उपयोगी है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मोटे अनाज अर्थात श्रीअन्न के उपयोग पर जोर दिया है। देश में मोटे अनाजों का प्रचलन ब? रहा है। प्रदेश सरकार ने श्रीअन्न के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना लागू करने का निर्णय लिया है। योजना के अंतर्गत श्रीअन्न - कोदो-कुटकी, रागी, ज्वार, बाजरा आदि के उत्पादन करने वाले किसानों को प्रति किलो 10 रुपए की अतिरिक्त राशि प्रोत्साहन स्वरूप प्रदान की जाएगी। यह राशि सीधे किसानों के खाते में अंतरित की जाएगी। शहडोल संभाग में प्रमुख रूप से कोदो- कुटकी की खेती होती है। कोदो-कुटकी के किसानों की आय में वृद्धि के के साथ ही इन उत्पादों के उपयोग से लोगों का स्वास्थ्य स्तर बेहतर होगा। इस अंचल में सुपर फूड माने गए रागी और अन्य मोटे अनाजों को ब?ावा दिया जाएगा। रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना में फसल उत्पादन, भण्डारण, प्रोसेसिंग, मार्केटिंग, उपार्जन, ब्राण्ड बिल्डिंग के साथ वैल्यू चेन विकसित की जाएगी। इससे किसानों, महिलाओं, युवाओं और गरीबों का कल्याण भी होगा, जो प्रधानमंत्री श्री मोदी की प्राथमिकता भी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हाल ही में मंत्रिपरिषद की बैठक जबलपुर में आयोजित की गई थी, जिसका उद्देश्य रानी दुर्गावती और रानी अवंती बाई जैसी वीरांगनाओं के प्रति सम्मान व्यक्त करना था। भारतीय महिलाओं ने इतिहास में पराक्रम के उदाहरण प्रस्तुत किए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इसके पूर्व शहडोल में स्पोर्ट्स काम्पलेक्स का लोकार्पण भी किया। लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पंडित शंभुनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय में एक करो? रूपए की लागत से अत्याधुनिक खेल परिसर, प्रतिभाशाली खिला?ियों की प्रतिभा को तराशने का कार्य करेगा। शहडोल वनांचल है। यहाँ की प्राकृतिक सुंदरता अनूठी है। प्रधानमंत्री श्री मोदी जनजातीय क्षेत्रों और वनवासी वर्ग के विकास के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। नई शिक्षा नीति के माध्यम से खेल गतिविधियों को ब?ावा दिया गया है। जनजातीय वर्ग से अनेक प्रतिभाएं उभर कर आई हैं, जो खेल क्षेत्र में उपलब्धियां हासिल कर रही हैं। एक समय था जब एशियाई खेलों और ओलम्पिक में कुश्ती के अतिरिक्त किसी भी खेल में पदक प्राप्त नहीं होते थे। आज भारतीय खिला?ी अनेक खेलों में पदक प्राप्त कर रहे हैं। जनजातीय युवाओं को खेलों में पूरा प्रोत्साहन दिया जाएगा, संसाधनों की कमी आ? नहीं आएगी।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि काल के प्रवाह में सनातन धर्म की व्यवस्थाओं को नकार दिया गया था, लेकिन भारतीय संस्कृति को विस्मृत नहीं किया जा सकता। हमारे देश में नालंदा और तक्षशिला जैसे शिक्षा केन्द्र रहे हैं।

न्यूज गैलरी

कांग्रेस की सोच आज भी राष्ट्र विरोधी : सुनील सोनी

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के सांसद सुनील सोनी ने कहा है कि कांग्रेस की सोच आज भी राष्ट्र विरोधी, धर्म विरोधी और सनातन विरोधी है। पहले वह यह सोच बदले फिर जनता के बीच जाए उन्होंने कहा कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट लाख दावे कर लें कि कांग्रेस लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ में बेहतर प्रदर्शन करेगी, पर कांग्रेस यह सच पायलट भी भली-भाँति जानते हैं कि छत्तीसगढ़ की जनता अब पूरी तरह भाजपा के साथ खड़ी है और कांग्रेस अपने राजनीतिक वजूद को वेंटीलेटर पर जाने से नहीं रोक पाएगी। श्री सोनी ने कहा कि प्रदेश में भारी हार के बाद भी अगर कांग्रेस प्रभारी पायलट कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों की तारीफ कर रहे हैं तो इस पर सिर्फ इतना ही कहा जा सकता है कि दिल बहलाने को गालिब खयाल अच्छा है।

गांजा खपाने पहुंचे दो गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। अभनपुर एवं गोलबाजार पुलिस ने गांजा बेचने के लिए ग्राहक तलाश करते दो लोगो को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 4 किलो 696 ग्राम गांजा जब्त किया है। अभनपुर पुलिस ने रेलवे क्रासिंग के पास आरोपी कुणाल तिवारी 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से बैग में रखे 726 ग्राम गांजा जब्त किया है। इसी तरह गोलबाजार पुलिस ने डीकेएस अस्पताल के पास आरोपी मिनिकेतन पटेल 34 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से बैग में 3 किलो 970 ग्राम गांजा जब्त किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफनारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

नशीली सिरप के साथ चार गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। गंज पुलिस ने स्टेशन चौक के गेट नंबर 2 के पास नशीली सिरप के साथ चार युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 114 नग नशीली सिरप जब्त किया है। गंज पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि रेलवे स्टेशन के गेट नंबर 2 के पास एक युवक अपने पास प्रतिबंधित सिरप रखा हुआ है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी मोहम्मद साजिद खान 25 वर्ष सहित तीन अन्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से बैग में 114 नग प्रतिबंधित नशीली सिरप जब्त किया है। जिसकी कीमत करीब 21660 रुपए के आसपास बताई जा रही है।

तीन सटोरिए चढ़े पुलिस के हत्थे

रायपुर/नवप्रदेश। सेजबहार व गोबरानवापारा पुलिस ने सट्टा खिलाते तीन सटोरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से सट्टा-पट्टी सहित नकदी 3300 रुपए जब्त किया है। सेजबहार पुलिस ने डूंडा चौक के पास सट्टा खिलाते आरोपी रोहित टंडन 35 वर्ष व टिकेश्वर वैष्णव 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से सट्टा-पट्टी सहित नकदी 1200 रुपए जब्त किया है। इसी तरह गोबरानवापारा पुलिस ने महानदी पुल के पास सट्टा खिलाते आरोपी आकाश कंसारी 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

22 को प्रभु श्रीराम के ननिहाल में भी धूमधाम से मनेगा रामोत्सव

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में आयोजित 'श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा-रामोत्सव' के मद्देनजर राज्य भर में भव्य रूप से भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया जाए। उक्त आयोजन तीन स्तरों में संभागीय/जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर होगा। इस आयोजन में मानस मंडलियों को जोड़ा जाना है। राज्य के प्रत्येक जिलों में संचालनालय संस्कृति एवं राजभाषा के साथ पंजीकृत क्रियाशील लगभग 4700 मानस मंडलियां हैं। राज्य शासन के घोषणा अनुरूप इन सभी मानस मंडलियों को प्रोत्साहन स्वरूप प्रत्येक मंडली को 5000 रूपए प्रदाय करने का निर्णय लिया गया है। उक्त निर्णय अनुरूप जिलेवार मानस मंडलियों की सूची एवं तदनुसार धनराशि का आबंटन संचालनालय, संस्कृति एवं राजभाषा द्वारा सीधे

प्रत्येक कलेक्टरों को उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसका शीघ्रता के साथ वितरण किए जाने की बात कही गई है ताकि भव्य आयोजनों में इन मानस मंडलियों को पूरा उत्सुकता के साथ भाग लेने के लिए प्रेरित किया जा सके। इसके साथ ही प्रत्येक जिला स्तरीय संस्थानों, विकासखण्ड स्तरीय, धार्मिक ट्रस्टों, मंदिर समितियों के साथ समन्वय करके उनके सहयोग से साथ जन जन के धार्मिक महत्व के इस भव्य कार्यक्रम का आयोजन सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। नगरीय निकायों, ग्राम पंचायतों को इस आयोजन में भागीदारी सुनिश्चित करते हुए उक्त दिवस में भवनों में प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। प्रत्येक विकासखण्ड स्तर से कम से कम ऐसे एक विशिष्ट मंदिर में 22 जनवरी, 2024 को दीप प्रज्वलन, दीपदान एवं लाईटिंग व्यवस्था की जाए।

रांग साइड में गाड़ी चलाने पर अब टायर होगा पंक्चर
राजधानी की सड़कों में लगे टायर किलर ब्रेकर

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर की सड़कों पर बड़ी संख्या में लोग रांग साइड दोपहिया, चारपहिया वाहन चला रहे हैं। शार्टकट के चक्कर में सबसे अधिक दोपहिया चालक रांग साइड से निकलते हैं। आईटीएमएस के कैमरे में रोज डेढ़ सौ से अधिक ऐसे वाहन कैद हो रहे हैं। इनके पते पर ई-चालान भेजा जा रहा है, फिर भी रांग साइड चलने वाले कम नहीं हो रहे हैं। लिहाजा नगर निगम के अमले ने शहर की तीन प्रमुख सड़कों रिंग रोड एक, फाफाडीह एक्सप्रेस-वे और गौरव पथ पर पुराना पुलिस मुख्यालय के पास टायर किलर ब्रेकर लगाया, जिससे रांग साइड चलने वाले वाहनों का टायर पंक्चर हो जाएगा। लापरवाही से गाड़ी ड्राइव करने वालों को सबक सिखाने के लिए, रायपुर ट्रैफिक पुलिस ने भी टायर किलर ब्रेकर का जाल बिछाने की योजना बनाई थी, जिस पर अब अमल होना शुरू हुआ है। नगर निगम ने काम शुरू कर दिया है। टायर किलर ब्रेकर जीई रोड पर अवंति विहार की तरफ जाने वाले चौक और तेलीबांधा थाने के पास भी लगाया जाएगा। अन्य स्थानों का चिन्हांकन भी कर लिया गया है। प्रयोग सफल होने पर अन्य स्थानों पर भी लगाया जाएगा। अफसरों का कहना

है कि वाहन चालक अपनी लेन में ही गाड़ी चलाएं, रांग साइड चलेंगे तो टायर किलर ब्रेकर गाड़ी का टायर पंक्चर कर देगा।

महानगरों में मिले बेहतर रिजल्ट

देश के सभी महानगरों दिल्ली, कोलकाता, मुंबई, पुणे, हैदराबाद, देहरादून के साथ कई शहरों में टायर किलर ब्रेकर लगाए गए हैं। इसके बेहतर रिजल्ट सामने आए हैं। रांग साइड चलने वाले चालकों की संख्या में लगातार कमी आई है।

अब रायपुर में भी इसे प्रयोग किया गया है। इससे जहां विपरीत दिशा में चलना लोग बंद करेंगे, यातायात व्यवस्था दुरुस्त होगा और दुर्घटना भी कम होगी। टायर किलर ब्रेकर से पूर्व सूचना बोर्ड भी लगाया गया है। यह व्यवस्था पायलट प्रोजेक्ट के तहत की गई। यह सफल होने पर सभी वन-वे मार्ग पर लगवाया जाएगा।

यह है टायर किलर

टायर किलर स्पीड ब्रेकर जैसा होता है। इसमें तेज धार वाले कांटेदार स्प्रिंग इस तरह फिट रहते हैं कि जो गाड़ी सही डायरेक्शन में इसे क्रास करेगा उसके टायर सुरक्षित रहेंगे, क्योंकि कांटेदार स्प्रिंग झुके रहते हैं, लेकिन जब गाड़ी गलत साइड से इसे क्रास करती है तो उठे हुए कांटेदार स्प्रिंग से टायर पंक्चर या खराब हो सकता है। टायर इसमें फंस भी जाता है। एक टायर किलर ब्रेकर की कीमत दो से तीन लाख रुपये होती है।

मुख्यमंत्री साय ने की ऊर्जा विभाग के कामकाज की समीक्षा

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में मंत्रालय महानदी भवन में ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। मुख्यमंत्री साय ने विद्युत उत्पादन, मांग, आपूर्ति, विद्युत शुल्क, स्थापित विद्युत संरचना, ग्रीन एनर्जी सहित विभिन्न विषयों पर विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ चर्चा कर जानकारी ली। इस मौके पर मुख्यमंत्री के सचिव द्रय पी. दयानंद और बसवराजू एस. उपस्थित थे।

समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री श्री साय को विद्युत विभाग के अधिकारियों ने विभाग के विभिन्न कार्यों और गतिविधियों के बारे में प्रेजेंटेशन के माध्यम से अवगत कराया।

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने की स्वास्थ्य विभाग की बजट समीक्षा

रायपुर/नवप्रदेश। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की उपस्थिति में महानदी भवन, मंत्रालय में वित्त एवं स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। श्री चौधरी ने बैठक में स्वास्थ्य विभाग के बजट की समीक्षा करते हुए कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए। बैठक में अपर मुख्य सचिव रेणु पिल्ले, वित्त सचिव अंकित आनंद, संचालक बजट शारदा वर्मा, संचालक आयुष सुश्री इफ्फत आरा, संचालक स्वास्थ्य सेवाएं ऋतुराज रघुवंशी समेत विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

राज्य में अब तक 103.63 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के तहत एक नवंबर 2023 से धान खरीदी का अभियान निरंतर जारी है। राज्य सरकार द्वारा इस वर्ष मोदी जी की गारंटी के अनुरूप किसानों से 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान की खरीदी की जा रही है। राज्य सरकार द्वारा अब तक किसानों से 103.63 लाख मीट्रिक टन धान की समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा चुकी है। धान के एवज में किसानों को 22468 करोड़ रुपए से अधिक राशि का भुगतान किया गया है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान विक्रय का लाभ पूर्व में धान बेच चुके किसानों को भी मिलेगा।

महादेव सट्टा एप केस में नितेश-अमित अरेस्ट

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में महादेव सट्टा ऐप मामले में नितेश टिबरेवाल और अमित अग्रवाल को ईडी ने गिरफ्तार किया गया है। इन्होंने दुबई में प्रॉपर्टी खरीदी है। विदेशी कंपनियों में शेयर होल्डर भी हैं। जांच में अब तक ढाई करोड़ रुपए का हिसाब दिखा है। अमित का भाई अनिल अग्रवाल महादेव ऐप में पार्टनर था। वह दुबई से जो पैसे भेजता था उसे यहां रिसीव करके अमित अपने अकाउंटेंट के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग करता था। ईडी के वकील सौरभ पांडेय ने मीडिया को मुताबिक कि 1 जनवरी को सप्लीमेंट्री कम्प्लेंट कोर्ट में रखी थी। उसमें अनिल कुमार अग्रवाल को अभियुक्त बनाया था। अमित अग्रवाल इसी का भाई है। इसकी पत्नी ने अनिल

दम्मानी के साथ मिलकर जमीन भी खरीदा है। जांच के लिए ईडी ने अमित अग्रवाल की रिमांड मांगी थी। सौरभ पांडेय ने आगे बताया कि गिरफ्तार हुआ दूसरा व्यक्ति नितेश टिबरेवाल, विकास छापरिया नाम के अभियुक्त की विदेशी कंपनियों में शेयर होल्डर था। जब हमने भारत से बाहर उसकी संपत्तियों के बारे में पूछा तो पहले इनकार कर दिया था। इस केस में आगे बढ़ने और सबूत जुटाने के लिए हमने कोर्ट से इनकी रिमांड की मांग की थी। कोर्ट ने दोनों पक्षों के वकीलों की दलीलें सुनी। हमने 14 दिन की रिमांड की मांग की, लेकिन कोर्ट ने हमें 5 दिन की रिमांड मंजूर की है। इन्हें 17 जनवरी को फिर कोर्ट में पेश किया जाएगा। सौरभ पांडेय ने कहा कि इन्हें हमने पूछताछ के लिए बुलाया था। जब इनसे पूछताछ की गई तो इनके स्टेटमेंट रिकॉर्ड से अलग थे।

वे गुमराह करने वाली जानकारी दे रहे थे। हमें लगा कि ये बहुत कुछ छिपा रहे हैं। इसके बाद इनसे सघन पूछताछ करने के लिए रिमांड मांगी गई।

राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा से केंद्र सरकार डरी : बैज

रायपुर/नवप्रदेश। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरुआत के पहले ही मोदी सरकार डर गयी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा है कि मणिपुर सरकार ने इम्फाल में यात्रा की शुरूआत के लिये पहले तो अनुमति देने से मना किया, जब अनुमति दी भी गयी तो उसमें शर्तें लगा दी गयी, यह मोदी सरकार का अलोकतांत्रिक चरित्र है। मोदी सरकार अपने खिलाफ उठने वाली हर आवाज को दबाना चाहती है। वह नहीं चाहती है कि देश की जनता की महंगाई, बेरोजगारी जैसी समस्याओं के खिलाफ लोग एकजुट हो इसीलिये राहुल गांधी की यात्रा में बाधा पैदा करने के लिये षड्यंत्र रचा जा रहा है। मोदी सरकार कुछ भी कर ले लेकिन भारत के लोगों की आवाज न दबेगी, न रूकेगी। दीपक बैज ने कहा है कि देश के वर्तमान हालात में जब क्षेत्र, धर्म, सांप्रदायिकता के नाम पर देश की सत्ता में बैठे हुये लोग राजनीति कर रहे है वैसे में कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा देश के लोगों के सामने एक नई उम्मीद लेकर सामने आई है। जब देश चलाने वाली दल, सत्ताधीश और हुक्मरान आम आदमी की जरूरतों शिक्षा, रोजगार को पिछेड़्य के पीछे धकेल कर धार्मिक आधार पर ध्रुवीकरण की राजनीति को बढ़ावा दे रहे हो तब उस समय कांग्रेस जैसी जन सरोकारी वाली पार्टी का यह नैतिक और राजनीतिक कर्तव्य हो जाता है कि वह देश को बचाने देश की एकता और अखंडता को बचाने के लिये भारत जोड़ो न्याय यात्रा जैसा महाअभियान चलाये भारत जोड़ो यात्रा का यही उद्देश्य है।

स्वामी विवेकानंद ने रायपुर के जिस घर 'डे भवन' में बचपन गुजारा, वो अब बनेगा स्मृति भवन

रायपुर/नवप्रदेश। स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर आयोजित राष्ट्रीय युवा महोत्सव के अवसर पर संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने राजधानी रायपुर के बूढ़ापारा स्थित 'डे भवन' को स्वामी विवेकानंद जी की स्मृति भवन के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने अधिकारियों को इसके लिए आवश्यक कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। श्री अग्रवाल ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय युवा महोत्सव कार्यक्रम के जरिए स्वामी विवेकानंद जी के जीवन से जुड़ी खास बातों को युवाओं को बताई। साथ ही देश के विकास में युवाओं

की भागीदारी की अहमियत बताई और उन्होंने युवाओं को उनके लिए बनाई विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। श्री अग्रवाल ने कहा कि, स्वामी विवेकानन्द ने पूरे विश्व में सनातन और भारत का झंडा बुलंद किया। वे युवाओं के साथ ही सभी भारतीयों के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। वे हमारी गौरवशाली परंपरा के अमूल्य विरासत हैं। युवा देश की विरासत से जुड़कर अपने अंदर गौरव और स्वाभिमान की भावना जगा सकते है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद के बताए रास्ते पर चलकर ही विकसित भारत का निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानन्द 14 वर्ष की आयु में रायपुर आए थे। यहां उन्होंने 2 साल से ज्यादा का समय बिताया। इस दौरान वो बूढ़ापारा के पास डे भवन में रहते थे। और बूढ़ा तालाब में स्नान करते थे। इस धरोहर को हम संजो कर रखना चाहते हैं।

भाजपा नेताओं और अधिकारियों के बेटे-बेटियों का सिविल जज में चयनित होना भी घोटाला : कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। सीजीपीएससी में चयनित होकर सिविल जज बने सभी युवाओं को बधाई एवं शुभकामना देते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा बताएं सीजीपीएससी की परीक्षा में सिविल जज की परीक्षा में मंत्री केदार कश्यप की भतीजी एवं पूर्व विधायक भाजपा नेत्री लक्ष्मी बघेल एवं अधिकारियों के बच्चों का चयन होना भी घोटाला है? भाजपा को सीजीपीएससी के परीक्षा में नेताओं एवं अधिकारियों के बच्चों के चयन होने पर आपत्ति था। विपक्ष में रहते भाजपा ने सीजीपीएससी की पारदर्शिता पर सवाल उठाए थे और युवाओं को भड़काने के लिए झूठे आरोप लगाकर आंदोलन किया था। आज वहीं भाजपा अपने नेताओं के भतीजी पुत्र, पुत्री के चयन पर मौन क्यों है? भाजपा का यह दोगला चरित्र प्रदेश के युवा देख लिए हैं। अब भाजपा प्रदेश के युवाओं को भाजपा नेताओं के बच्चों के चयन पर जवाब देना चाहिए? भाजपा नेताओं में नैतिकता नाम की चीज है तो वो सीजीपीएससी के परीक्षा में पूर्व में चयनित उम्मीदवारों से एवं प्रदेश के युवाओं से माफी मांगे या सीजीपीएससी के जज के परिणाम को भी सीबीआई को सौंप कर जांच करने की हिम्मत दिखाए।

दानी गर्ल्स स्कूल की छात्राओं को राहत
बूढ़ा तालाब मार्ग पर बने गेट का ताला खुला

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के बूढ़ा तालाब परिसर से लगे जे.आर. दानी स्कूल की छात्राओं को युवा दिवस का बड़ी सौगात मिली है। पुरानी बस्ती और सुंदर नगर की ओर से स्कूल आने वाली छात्राओं को अब बूढ़ा तालाब से लगे गेट से शाला में प्रवेश करने की सुविधा मिली है। स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने स्वयं बूढ़ा तालाब की ओर के गेट का ताला खोलकर छात्राओं को युवा दिवस का उपहार दिया है।

गौरतलब है कि दानी स्कूल की छात्राओं द्वारा लम्बे समय से स्कूल से बूढ़ा तालाब की तरफ रास्ते को खोलने की मांग की जा रही थी। गेट का ताला खुलते ही छात्राओं के चेहरे खिल उठे। मौके पर खुशी का माहौल छा गया। कुछ वर्षों पूर्व बूढ़ातालाब का सौंदर्यीकरण होने के बाद से दानी गर्ल्स स्कूल और डिग्री गर्ल्स कॉलेज के पीछे वाली बायपास सड़क को बंद

कर दिया गया था। साथ ही दानी स्कूल का बूढ़ा तालाब की ओर खुलने वाले गेट बंद कर वहां दीवार खड़ी कर दी गई थी। जिसके कारण दानी स्कूल, डिग्री गर्ल्स कॉलेज, काली बाड़ी स्कूल, एससी-एसटी हॉस्टल के विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। जिसको लेकर छात्राओं में नाराजगी थी। इस मुद्दे पर छात्राओं द्वारा कई बार विरोध प्रदर्शन भी किया गया था। मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने पूर्व में उस रास्ते को शुरू करवाने और स्कूल गेट खुलवाने का वादा किया था, जिसे उन्होंने पूरा कर दिया है।

बिना सूचना ट्रेन कैंसल करना आपत्तिजनक : ज्योत्सना

रायपुर/नवप्रदेश। कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने रेलवे द्वारा एक साथ बिना किसी सूचना के 10-12 ट्रेनों का परिचालन कैंसल कर देने पर गहरी नाराजगी और आपत्ति दर्ज करायी है। उन्होंने कहा है कि जिस तरह से रेलवे द्वारा ट्रेनों को बिना किसी पूर्व सूचना के एकाएक कैंसल कर दिया जाता है, उससे यात्रियों को काफी परेशानी होती है। वे अपने गंतव्य के लिए टिकट कटा लेते हैं और फिर पता चलता है कि ट्रेन कैंसल हो गई है। बिना सूचना के किसी भी ट्रेन को कैंसल कर देना आपत्तिजनक है और वे इस विषय में रेलमंत्री से मिलकर अपनी आपत्ति दर्ज कराएंगी कि इस तरह से नहीं होना चाहिए। सांसद

ज्योत्सना महंत ने यह भी कहा है कि रेल संघर्ष समिति के संघर्षों और मेरे द्वारा किए गए लगातार पत्र व्यवहार के कारण आखिरकार छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस कोरबा तक शुरू करने का निर्णय लिया गया है। यह एक्सप्रेस कोरबा तक जल्द प्रारंभ होनी चाहिए ताकि कोरबावासियों को इसका लाभ मिले। कोरबा-रायगढ़ के मध्य चलने वाली ट्रेन जल्द प्रारंभ होने से लाभ मिलेगा। कोरबा-बीकानेर के मध्य ट्रेन के बारे में मैंने वहां के सांसदों से मिलकर चर्चा की और रेल मंत्री को आवेदन भी दिया है। उम्मीद है कि जल्द ही यह आग्रह मान लिया जाएगा। यात्री ट्रेनों की लेट-लतीफी के संबंध में भी मैंने रेल मंत्री से बात रखी है कि कोयला लदान वाली गाड़ियों को तो जाने दिया जाता है किन्तु यात्रियों को परेशानी होती है। इस विषय में मैं चाहकर भी कुछ नहीं कर पा रही हूं, जिसका मुझे दुख भी रहता है लेकिन मेरा प्रयास लगातार जारी रहेगा कि कोरबा की जनता को लाभ मिले।

इंग्लैंड सीरीज के लिए कुलदीप-अक्षर की वापसी

मुंबई। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इंग्लैंड के खिलाफ आगामी पांच मैचों की श्रृंखला के पहले दो टेस्ट मैचों के लिए 16 सदस्यीय टीम की घोषणा की, जिसमें कुलदीप यादव और अक्षर पटेल की राष्ट्रीय टीम में वापसी हुई है। पहला मैच 25 जनवरी से हैदराबाद में शुरू होगा। टखने की चोट के बाद वापसी कर रहे अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को पहले दो टेस्ट से बाहर रखा गया है।

33 वर्षीय तेज गेंदबाज नवंबर 2023 में वनडे विश्व कप फाइनल के बाद से चोट के कारण मैदान से बाहर हैं। उप-कप्तान जसप्रित बुमरा के नेतृत्व में सीम आक्रमण में मोहम्मद सिराज की उग्र जोड़ी और मुकेश कुमार और अवेश खान की होनहार प्रतिभाएं शामिल हैं। शमी की अनुपस्थिति ने इन युवा तेज गेंदबाजों के लिए अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी छाप छोड़ने का द्वार खोल दिया।

स्पिन विभाग में, आर अश्विन और रवींद्र जडेजा की मजबूत जोड़ी को वापसी करने वाले कुलदीप यादव और अक्षर पटेल का साथ मिलेगा। ध्रुव जुरेल के रूप में एक नया चेहरा सामने आया।

उत्तर प्रदेश से आने वाले इस विकेटकीपर-बल्लेबाज ने केएल राहुल और केएस भरत के साथ विकेटकीपिंग विभाग में गहराई जोड़ते हुए पहली बार टीम में जगह बनाई है। इशान किशन, जिन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ चल रही टी20 श्रृंखला से ब्रेक लिया था, को टीम से बाहर रखा गया है। दक्षिण अफ्रीका दौरे पर प्लेइंग इलेवन में जगह बनाने में विफल रहने के बावजूद आवेश खान को एक बार फिर मौका दिया गया है। सेंचुरियन के नवोदित खिलाड़ी प्रसिद्ध कृष्णा को रणजी ट्रॉफी के दौरान चोट के कारण बाहर रहना पड़ेगा।इंग्लैंड बनाम पहले दो टेस्ट के लिए भारतीय टीम- रोहित शर्मा (कप्तान), एस गिल, वाई जयसवाल, विराट कोहली, एस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), केएस भरत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), आर अश्विन, आर जड़ेजा , अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मो. सिराज, मुकेश कुमार, जसप्रित बुमरा (उप कप्तान), आवेश खान।

संन्यास के बाद डीन एल्गर 3 साल के अनुबंध पर एसेक्स में शामिल

नई दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज डीन एल्गर ने 2024 काउंटी सीजन से पहले एसेक्स के साथ तीन साल का करार किया है।

एल्गर ने हाल ही में भारत के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। 36 वर्षीय एल्गर एसेक्स में शामिल होकर बहुत खुश हैं।एल्गर को यह कहते हुए उद्धृत किया गया, मैं एसेक्स के साथ अपनी क्रिकेट यात्रा के इस नए अध्याय को शुरू करने के लिए रोमांचित हूं। क्लब हाल के वर्षों में सम्मान के लिए प्रयास कर रहा है, और मैं आगे की सफलता में योगदान देने के लिए उत्सुक हूं। उन्होंने कहा, मैंने काउंटी क्रिकेट में अपने पिछले अनुभवों का भरपूर आनंद लिया है और मैं वास्तव में सीज़न से पहले टीम में शामिल होने के लिए उत्सुक हूं।एसेक्स के मुख्य कोच एंथनी मैकग्रा ने एल्गर का स्वागत किया। मैकग्रा के हवाले से कहा गया, डीन अपने साथ ढेर सारी प्रतिभा और अनुभव लेकर आए हैं जो निस्संदेह 2024 सीज़न के लिए हमारी टीम को मजबूत करेगा।मैकग्रा ने कहा, टेस्ट क्रिकेट में उनका करियर शानदार रहा है और उन्होंने संन्यास लेने तक दुनिया के सामने उच्चतम स्तर पर रन बनाने की अपनी इच्छा का प्रदर्शन किया है। अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में उनकी उपलब्धियाँ उनकी क्षमताओं के बारे में बहुत कुछ बताती हैं और हम एसेक्स में उनके प्रभाव को देखने के लिए उत्साहित हैं।

टी20 के लिए क्लार्कसन की जगह यंग न्यूजीलैंड टीम में शामिल

वेलिंगटन। कंधे की चोट के कारण बाहर होने के बाद जोश क्लार्कसन अब पाकिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज के तीसरे मैच में न्यूजीलैंड की टीम में शामिल नहीं होंगे। एनजेडसी ने एक बयान में कहा कि सुपर स्मैश में सेंट्रल स्टैग्स के लिए खेलते हुए क्लार्कसन को लगी चोट के कारण विल यंग अब डुनेडिन यूनिवर्सिटी ऑफ ओटागो ओवल में होने वाले मैच की तैयारी के लिए टीम में शामिल होंगे।क्लार्कसन तीसरे मैच के लिए कप्तान केन विलियमसन की जगह टीम में शामिल होने वाले थे जो घुटने में चोट के बाद नहीं खेल सकेंगे।यंग हैमिल्टन के सेडॉन पार्क में रविवार को होने वाले सीरीज के दूसरे मैच के बाद टीम में शामिल होंगे। टीमें सोमवार को हैमिल्टन से डुनेडिन जाएँगी।

सोशल मीडिया पर 2 मिनट की ऑडियो-वीडियो पोस्ट कर सकेंगे ओलंपिक एथलीट

जिनेवा। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के दिशानिर्देशों के तहत मान्यता प्राप्त एथलीटों को ओलंपिक गेम्स पेरिस 2024 और शीतकालीन युवा ओलंपिक गेम्स (वाईओजी) गैंगवॉन 2024 की प्रति पोस्ट दो मिनट तक की ऑडियो और वीडियो रिकॉर्डिंग पोस्ट करने की अनुमति है। आईओसी ने एथलीटों को अपने व्यक्तिगत डिजिटल खातों पर ओलंपिक खेलों में अपने अनुभव साझा करने की अनुमति देने के लिए अपने आधिकारिक सामाजिक और डिजिटल मीडिया दिशानिर्देश जारी किए, साथ ही मीडिया अधिकार-धारकों (एमआरएच) के अधिकारों की रक्षा भी की।एथलीट उद्घाटन और समापन समारोह, ओलंपिक गांव, प्रतियोगिता और प्रशिक्षण स्थलों के साथ-साथ अभ्यास क्षेत्रों से रिकॉर्डिंग पोस्ट करने में सक्षम हैं। आईओसी ने बताया कि प्रतियोगिता स्थल एथलीटों की प्रतियोगिता शुरू होने से

एक घंटे पहले और मिश्रित क्षेत्र या डोपिंग नियंत्रण स्टेशन छोड़ने के बाद तक उनकी रिकॉर्डिंग के लिए खुले हैं।आईओसी ने कहा, ओलंपिक गेम्स पेरिस 2024 के लिए मान्यता प्राप्त अन्य सभी व्यक्ति, जिनमें कोच, तकनीकी कर्मचारी, दल के सदस्य, टीम के अधिकारी, स्वयंसेवक, राष्ट्रीय ओलंपिक समितियों (एनओसी), अंतर्राष्ट्रीय महासंघों (आईएफ) या आयोजन समिति के कर्मी और अन्य टीम कर्मी शामिल हैं। खेलों में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को ओलंपिक खेल पेरिस 2024 में भाग लेने वाले एथलीटों के अलावा अन्य मान्यता प्राप्त व्यक्तियों के लिए आईओसी सामाजिक और डिजिटल मीडिया दिशानिर्देशों का पालन करना होगा।

ऑस्ट्रेलिया ने द.अफ्रीका श्रृंखला के लिए महिला टीम का किया ऐलान

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका के साथ अपनी पहली बहु-प्रारूप श्रृंखला के लिए सफेद गेंद वाले चरण के लिए 15 खिलाड़ियों की टीम की घोषणा की है, जिसमें हाल ही में भारत दौरे से लौटी टीम में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

एलिसा हीली दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ऐतिहासिक पहले टेस्ट के साथ श्रृंखला समाप्त करने से पहले तीन टी20 और तीन एकदिवसीय मैच खेलने के लिए एक अनुभवी ऑस्ट्रेलियाई टीम का नेतृत्व करेंगी।टेस्ट के लिए टीम की घोषणा 3 फरवरी को पहले वनडे के बाद की जाएगी।सीए की प्रदर्शन प्रमुख (महिला क्रिकेट) और राष्ट्रीय चयनकर्ता, शॉन फ्लेगलर ने कहा, आगामी टी20 और वनडे के लिए टीमें हाल ही में भारत की यात्रा करने वाली टीमों के समान हैं।फ्लेगलर ने कहा, जैसा कि अक्टूबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ हमारी घरेलू श्रृंखला में हुआ था। ग्रेस हैरिस केवल टी20 के लिए टीम का हिस्सा हैं और वनडे के लिए उनकी जगह अलाना किंग को लिया जाएगा।तीन टी20 मैच 27, 28 और 30 जनवरी को खेले जाएंगे। पहले दो मैच कैनबरा के मनुका ओवल में होंगे, जबकि तीसरा और अंतिम टी20 होबार्ट के ब्लंडस्टोन एरेना में होगा। इसके बाद 3 फरवरी को एडिलेड और सिडनी में 7 और 10 को वनडे मैच खेले जाएंगे।ऑस्ट्रेलिया महिला टीम- एलिसा हीली (कप्तान), डार्सी ब्राउन, हीदर ग्राहम, एश्ले गार्डनर, किम गार्थ, ग्रेस हैरिस (केवल टी20), जेस जोनासेन, अलाना किंग (केवल वनडे), फोबे लिचफील्ड, ताहलिया मैकग्रा, बेथ मूनी, एलिस पेरी , मेगन शट्ट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वेयरहैम

बिजनेस

भारत की रिटेल महंगाई दिसंबर में बढ़कर 5.69 प्रतिशत पर पहुंचा

नई दिल्ली। भारत की रिटेल महंगाई दिसंबर में बढ़कर 5.69 प्रतिशत पर पहुंच गई है। यह महंगाई का 4 महीने का उच्चतम स्तर है। सिंतबर में महंगाई 5.02प्रतिशत रही थी। वहीं नवंबर में यह 5.55प्रतिशत और अक्टूबर में 4.87प्रतिशत रही थी। खाने-पीने के सामान की कीमतें बढ़ने से महंगाई बढ़ी है।नवंबर की तरह दिसंबर में भी सब्जियों की महंगाई में बड़ी बढ़ोतरी देखने को मिली है। नवंबर में सब्जियों की महंगाई 17.7प्रतिशत से बढ़कर 27.64प्रतिशत हो गई। दूसरी ओर, ईंधन और बिजली की महंगाई सिमटकर -0.99प्रतिशत हो गई है जो नवंबर में -0.77प्रतिशत थी।

महंगाई को लेकर रेंज 2प्रतिशत-6प्रतिशत है। आदर्श स्थिति में चाहेगा कि रिटेल महंगाई 4त्र पर रहे। पिछले महीने हुई मॉनेटरी पॉलिसी की मीटिंग में रिटेल महंगाई के अनुमान को 5.40 प्रतिशत पर बरकरार रखा था।महंगाई का सीधा संबंध पर्चेजिंग पावर से है। उदाहरण के लिए यदि महंगाई दर 6त्र है, तो अर्जित किए गए 100 रुपए का मूल्य सिर्फ 94 रुपए होगा। इसलिए महंगाई को देखते हुए ही निवेश करना चाहिए। नहीं तो



आपके पैसे की वैल्यू कम हो जाएगी।महंगाई का बढ़ना और घटना प्रोडक्ट की डिमांड और सप्लाई पर निर्भर करता है। अगर लोगों के पास पैसे ज्यादा होंगे तो वे ज्यादा चीजें खरीदेंगे। ज्यादा चीजें खरीदने से चीजों की डिमांड बढ़ेगी और डिमांड के मुताबिक सप्लाई नहीं होने पर इन चीजों की कीमत बढ़ेगी।इस तरह बाजार महंगाई की चपेट में आ जाता है। सीधे शब्दों में कहें तो बाजार में पैसों का अत्यधिक बहाव या चीजों की शॉर्टेज महंगाई का कारण बनता है। वहीं अगर डिमांड कम होगी और सप्लाई ज्यादा तो महंगाई कम होगी।एक ग्राहक के तौर पर आप और हम रिटेल मार्केट से सामान खरीदते हैं। इससे जुड़ी कीमतों में हुए बदलाव को दिखाने का काम कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स यानी करता है। हम सामान और सर्विसेज के लिए जो औसत मूल्य चुकाते हैं, उसी को मापता है। कच्चे तेल, कमोडिटी की कीमतों, मेन्युफैक्चर्ड कॉस्ट के अलावा कई अन्य चीजें भी होती हैं, जिनकी रिटेल महंगाई दर तय करने में अहम भूमिका होती है। करीब 300 सामान ऐसे हैं। जिनकी कीमतों के आधार पर रिटेल महंगाई का रेट तय होता है।

गुजरात में सुजुकी करेगी पैंतीस हजार करोड़ का निवेश

गांधीनगर। जापानी कार निर्माता सुजुकी मोटर गुजरात में मारुति के साथ दूसरा कार प्लांट बनाने के लिए 35 हजार करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी के अध्यक्ष तोशीहिरो सुजुकी ने राज्य में एक निवेश शिखर सम्मेलन में यह जानकारी दी। सुजुकी ने कहा, नया प्लांट प्रति वर्ष 10 लाख यूनिट का उत्पादन करेगा, जिसके परिणामस्वरूप गुजरात में कंपनी का वार्षिक उत्पादन 20 लाख यूनिट हो जाएगा। देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी की वर्तमान में हरियाणा और गुजरात में अपने दो विनिर्माण संयंत्रों में कुल उत्पादन क्षमता लगभग 22 लाख यूनिट प्रति वर्ष है। कंपनी उत्पादन बढ़ाने के लिए 11 हजार करोड़ रुपये के निवेश के साथ दिल्ली के बाहरी इलाके हरियाणा के सोनीपत में एक नया विनिर्माण संयंत्र भी स्थापित कर रही है।

स्मार्टफोन यूजर्स ओएस अनुभव के आधार पर डिवाइस बदलने को तैयार!

नई दिल्ली। एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि करीब 71 प्रतिशत भारतीय स्मार्टफोन यूजर्स ओएस अनुभव के आधार पर अपनी डिवाइस को तलाशने और संभावित रूप से बदलने के लिए तैयार हैं।साइबरमीडिया रिसर्च के अनुसार, लगभग 88 प्रतिशत स्मार्टफोन यूजर्स अपने मौजूदा स्मार्टफोन ओएस से संतुष्ट हैं।सीएमआर में इंडस्ट्री इंटेलिजेंस ग्रुप के प्रमुख प्रभु राम ने कहा, एक असाधारण स्मार्टफोन यूजर्स अनुभव की खोज में, उपभोक्ता न केवल बाहरी हार्डवेयर बल्कि स्मार्टफोन ओएस और ऐप अनुभव को भी प्राथमिकता देते हैं। स्मार्टफोन यूजर्स इंटेलिजेंस ओएस एन्हांसमेंट को ज्यादा महत्व देते हैं, जो उनके फोन पर बिना बाधा के लैग-फ्री अनुभव प्रदान करते हैं। यूजर्स उन अनुकूलन की भी सराहना करते हैं जो डिजिटल वेल-बीइंग को बढ़ाते हैं और बैटरी लाइफ की हिफाजत में योगदान देते हैं।सर्वे में प्रमुख भारतीय शहरों के 2,571 स्मार्टफोन यूजर्स शामिल थे। जिसमें से 83 प्रतिशत ने अपनी संतुष्टि और खुशी के लिए ओएस के महत्व पर जोर दिया। रिपोर्ट के अनुसार, उपयोग में आसानी (56 प्रतिशत), सुरक्षा (54 प्रतिशत) और फास्टर लॉन्च टाइम (54 प्रतिशत) उपभोक्ताओं के लिए स्मार्टफोन ओएस के विचारों को नियंत्रित करते हैं।भारतीय यूजर्स अपने स्मार्टफोन ओएस को अपडेट करते समय डेटा सुरक्षा बढ़ाने (65 प्रतिशत) और प्रदर्शन (62 प्रतिशत) को बढ़ाने को प्राथमिकता देते हैं। रिपोर्ट में पाया गया कि ओएस को अपडेट करने में आने वाली बाधाओं में आवश्यकता की कमी (42 प्रतिशत) और अपर्याप्त स्टोरेज स्पेस (35 प्रतिशत) शामिल हैं।

मिड-कैप फंड्स में निवेश दिला सकता है मोटा मुनाफा

नई दिल्ली। अगर आप इन दिनों म्यूचुअल फंड्स में निवेश करने का प्लान बना रहे हैं तो मिड कैप इक्विटी फंड अच्छा ऑप्शन हो सकता है। इस फंड कैटेगिरी में बीते 1 साल में 52त्र से ज्यादा का रिटर्न दिया है। अगर आप रिस्क ले सकते हैं तो मिड-कैप इक्विटी फंड में निवेश करना आपको अच्छा फायदा दिला सकता है। हम आपको इसके बारे में बता रहे हैं।

मिड-कैप म्यूचुअल फंड उस फंड को कहते हैं जिसमें मुख्य रूप से मिड कैप कंपनियों के शेयरों में निवेश किया जाता है। मिड-कैप कंपनियां वे हैं जिनका मार्केट कैप 5,000 करोड़ रुपए से अधिक, लेकिन 20,000 करोड़ रुपए से कम है। मार्केट कैप के लिहाज से 101वीं से 200वीं रैंकिंग वाली कंपनियों को भी मिड-कैप कंपनियां कहा जाता है।मिड-कैप फंड में लार्ज-कैप फंड्स की तुलना में ज्यादा जोखिम रखता है। इसीलिए, वो लोग जो अपने निवेश में ज्यादा जोखिम उठा सकते हैं, उन्हें ही इस फंड में निवेश करना चाहिए। इसके अलावा इसमें लंबे समय के लिए निवेश सही रहता है। ऐसे में अगर आप लंबी अवधि यानी 5 साल से ज्यादा समय के लिए निवेश करना चाहते हैं तो इसमें निवेश कर सकते हैं।

एक्सपर्ट्स के अनुसार इसमें पोर्टफोलियो का 20 से 30त्र निवेश करना सही रहेगा। यानी अगर आपके पास निवेश करने के लिए कुल 100 रुपए हैं तो आप 20 से 30 रुपए तक इसमें निवेश कर सकते हैं। इसमें लॉन्ग टर्म के लिए निवेश करना फायदेमंद रहेगा।

तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया के गाने लाल पीली अखियां में शाहिद और कृति का धमाकेदार डांस

एक्टर शाहिद कपूर और कृति सेनन अपने अगले तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया के गाने लाल पीली अखियां के साथ स्टेज पर धमाल मचाने के लिए तैयार हैं।इस डांस नंबर को शेख जानी बाशा ने कोरियोग्राफ किया है।

वाइब्रेंट बीट्स तनिष्क बागची द्वारा दी गई हैं, जो कई चार्टबस्टर्स के लिए जाने जाते हैं। रोमी और तनिष्क द्वारा गाया गया, नीरज राजावत के गीतों के साथ, यह गीत रिंथम और लिरिक्स का परफेक्ट मिश्रण है।कंपोजर और सिंगर तनिष्क बागची ने अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, लाल पीली अखियां धमाकेदार सॉन्ग है! इसकी बीट्स आपको तुरंत डांस फ्लोर पर झूमने पर मजबूर कर देंगी। शाहिद की एनर्जी निश्चित रूप से गाने का मुख्य आकर्षण है... लोगों को इस पर डांस करते हुए देखने के लिए और इंतजार नहीं कर सकता !अमित जोशी और आराधना साह द्वारा निर्देशित, मैडॉक फिल्म का निर्माण, तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया दिनेश विजान, ज्योति देशपांडे और लक्ष्मण उतेकर द्वारा निर्मित है।ट्रेलर 18 जनवरी को आने के लिए बिल्कुल तैयार है। फिल्म 9 फरवरी, 2024 को रिलीज होगी।

मैं स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म तलाशने के लिए तैयार हूं : सोनम कपूर

अगर एक्ट्रेस सोनम कपूर से किसी टेंटपोल फिल्म या सीरीज के लिए संपर्क किया जाता है तो वह स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म तलाशने के लिए तैयार हैं। सोनम ने कहा, मेरे लिए अच्छे कंटेंट और अच्छी सिनेमा का हिस्सा बनना ही मायने रखता है। जिस प्लेटफॉर्म पर इसे रिलीज किया जा रहा है वह महत्वहीन है क्योंकि दुनिया बदल गई है। मैं स्ट्रीमिंग पर एक ऐसे प्रोजेक्ट का नेतृत्व करने के लिए उत्साहित हूं जो लोगों को प्रभावित करेगा। मुझे वहां कंटेंट की विविधता बहुत पसंद है।सोनम स्ट्रीमिंग पर कंटेंट देखने की शौकीन हैं और खुश हैं कि कैसे प्लेटफॉर्म ने कंटेंट के महत्व पर गौर करना शुरू किया है।उन्होंने साझा किया, मैं हमेशा से स्ट्रीमिंग में अपना कदम रखना चाहती थी, बशर्ते कि मैं एक टेंटपोल फिल्म या ग्लोबल स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर सीरीज का नेतृत्व कर रही हूं। मैं सालों से स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म द्वारा बनाए जा रहे आउटस्टैंडिंग कंटेंट की सबसे ज्यादा दर्शक रही हूं।एक्ट्रेस, जो अपनी प्रेग्नेंसी के बाद फिल्मांकन में वापस आ गई हैं, ने कहा- मेरा मानना है कि स्ट्रीमिंग प्लेटफार्मों ने हमारे देश के कंटेंट को आगे बढ़ाया है, इसे अधिक क्रिएटिव रूप से गतिशील बना दिया है।स्ट्रीमिंग कंटेंट ने ग्लोबल लेवल के साथ-साथ भारत में भी जो स्तर स्थापित किया है, वह अविश्वसनीय है। स्ट्रीमिंग

आपको एक कलाकार के रूप में बहुत सारे एक्सेपरिमेंट करने की अनुमति देती है। यह मेरे लिए बहुत ही रोमांचक माध्यम है। इसलिए, मैं स्ट्रीमिंग पर अपनी शुरुआत करने के लिए पूरी तरह तैयार हूं।सोनम ने कहा, मुझे पता है कि स्ट्रीमिंग पर मेरी शुरुआत में काफी समय लग गया है और मुझे उम्मीद है कि मैं जो पेश करने जा रही हूं वह लोगों को वास्तव में पसंद आएगा।

न्यूज गैलरी

कोतवाली पुलिस की जुआ रेड घसियारी मोहल्ले में

सिवनी / नवप्रदेश। सिवनी शहर के घसियारी मोहल्ला क्षेत्र मे शुक्रवार की दरम्यानी रात्रि मे जुआ फड़ के विरुध्द कार्यवाही कर कुल 08 जुआरियों से 4200/- रुपये जप्त कर जुआ एक्ट में कार्यवाही की गई है। पुलिस अधीक्षक श्री राकेश सिह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री गुरुदत्त शर्मा, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी श्री पुरुषोत्तम मरावी के दिशा निर्देशन में जुआ एवं सट्टा के विरुध्द कार्यवाही करने के लिये अभियान चलाया जा रहा है जो थाना क्षेत्र में विगत कुछ दिनों से जुआ खेलने की सूचना प्राप्त हो रही थी जो थाना प्रभारी कोतवाली के व्दारा थाना स्तर पर टीम गठित कर जुआ फड़ों पर कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया था ।

जुआ खेल रहे जुआरि

वाहिद उर्फ बाबू खान पिता अजीज खान, फिरदोस खान पिता इब्राहिम, इरफान उर्फ पीली पिता सत्तार खान, मोहम्मद राशिद खान पिता सफीक खान,सहजाद उर्फ सज्जू पिता गौरे खान,शहीद खान पिता मजीद खान,नसीम उर्फ सोनू पिता हैदर हुसैन खान, सभी घसियारी मोहल्ला निवासी, इमरान खान पिता मकबूल खान निवासी सूफीनगर तालाब पार थाना कोतवाली सिवनी

इनका रहा योगदान

निरी. सतीश तिवारी, प्र. आर. 406 रामअवतार डेहरिया, इरफानुद्दीन खान, प्रशांत गजभिये, प्रतीक बघेल, अभिषेक डेहरिया, सतीश इनवाती, रत्नेश कुशवाहा, अजय धुर्वे, नीरज कपाले की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

सीएम के सभास्थल में घुसा नशेड़ी पुलिसकर्मी

शहडोल/नवप्रदेश। शनिवार को सीएम डॉ. मोहन यादव शहडोल में दौरे पर रहे। इस दौरान उनकी सुरक्षा में लगा एक पुलिसकर्मी नशे की हालत में कार्यक्रम में शामिल हो गया। नशेड़ी पुलिस वाला 2 घंटे तक सुरक्षा टीम में शामिल रहा। मीडिया को उसकी हरकतें संदिग्ध लगी तो पूछताछ की गई। इसके बाद वह भाग गया। दरअसल, शहडोल के पॉलीटेक्निक मैदान में सीएम डॉ. मोहन यादव की सभा हुई। यहां सुरक्षा में तैनात टीम का एक पुलिसकर्मी नशे की हालत में पहुंच गया। वह लोगों के बीच पहुंचकर लोगों पर रौब दिखाने लगा। फिर सभा में सांस्कृतिक प्रस्तुति देने वाली युवतियों के बीच जाकर खड़ा हो गया। उनसे बात करने की कोशिश करने लगा।

शहडोल में दो घंटे सुरक्षा टीम के साथ घूमा; युवतियों से बात करने की कोशिश की

पीटीएस उमरिया का जवान था युवक

नशे की हालत में लड़कियों के बीच घुसकर बदतमीजी करने वाला युवक पुलिस प्रशिक्षण शाला पीटीएस उमरिया का जवान बताया जा रहा है। युवक का नाम सुभाष परस्ते है। शहडोल पुलिस ने बताया कि युवक के मानसिक रूप से कुछ कमजोर होने की बात प्रारंभिक तौर पर पता चली है। फिलहाल इस बात की पुष्टि शहडोल पुलिस अभी नहीं करती है। मामले से संबंधित विस्तृत जानकारियां एकत्रित की जा रही हैं।

6 घंटे शहडोल में रहे सीएम डॉ. मोहन

मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव शनिवार को शहडोल जिले में लगभग 6 घंटे रहेंगे। वे आभार यात्रा और संभागीय समीक्षा बैठक में हिस्सा लेंगे। सीएम शहडोल के जमुई हैलीपेड आएंगे। शहर में यूनिवर्सिटी के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का लोकार्पण करेंगे। कई विकास कार्यों की आधार शिला रखेंगे। इसके बाद कलेक्ट्रेट में संभाग स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेंगे।

सायक्लोन का उद्देश्य पर्यावरण, स्वच्छता के प्रति जागरूकता और मानव स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता

सिवनी/नवप्रदेश। शुक्रवार 13 जनवरी को स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 - 24 के तहत सायक्लोन का आयोजन इस वर्ष भी किया जा रहा है । प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सायक्लोन का आयोजन पूर्ण भव्यता के साथ आयोजित किया जायेगा। पिछले नौ वर्षो से स्वस्थ्य,स्वच्छता एवं पर्यावरण के व्यापक संदेश के लिये आयोजित की जाने वाली सायक्लोन का आयोजन इस वर्ष आगामी 03 फरवरी को बड़े मिशन स्कूल ग्राउंड में प्रातः 08 बजे से किया जाना सुनिश्चित किया गया है। इस संबंध में सायक्लोन समिति की प्राथमिक बैठक 03 जनवरी को होटल बाहुबलि में संपन्न की गयी जिसमें समिति ने आयोजन को सफलता पूर्वक संपन्न के लिये विचार विमर्श कर कुछ प्राथमिकताएँ निर्धारित की है । सायक्लोन समिति ने बैठक में अनेक विषयों में चर्चा करते हुये निर्णय लिया है कि आयोजित करने का उद्देश्य पर्यावरण, स्वच्छता के प्रति जागरूकता और मानव स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से साईकिलिंग की ओर आमजनों का रूझान बढ़े इस बात का व्यापक संदेश समाज के बीच अधिकतम व्यक्तियों तक पहुँचे इसके लिये आयोजन को व्यापकता प्रदान करना है, प्रचार प्रसार के माध्यम से व्यापक वातावरण तैयार करना है । हमारा शहर सुंदर और स्वच्छ बने इसके प्रति व्यापक वातावरण बनाना रैली का उद्देश्य है तथा पिछले अनेक वर्षो से सायक्लोन यह प्रयास करते रहा है जिसके लिये सायक्लोन को सराहना भी प्राप्त हुई है और प्रयासों के परिणाम भी आये है यह और अधिक संकल्प के साथ जागरूकता बढ़े । यह आयोजन स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 - 2024 के तहत किया जा रहा है इस आयोजन में सिवनी नगर के अधिक से अधिक व्यक्ति अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिये संकल्पित हो ।

पिछले वर्षो में इस आयोजन को समाज की ओर से अच्छा प्रतिसाद प्राप्त हुआ है और इस आयोजन का समाज के हर वर्ग को इंतजार रहता है तथा सभी आयु वर्ग के व्यक्ति सायक्लोन में बड़े उत्साह के साथ शामिल होते है । समिति का निर्णय है कि प्रति वर्ष के अनुसार आयोजन व्यवस्थित और गरिमा के साथ संपन्न हो । जिसके लिये समिति ने बैठक में निर्धारित किया है कि समिति 30 साईकिल लकी ड्रा के माध्यम से वितरित करेगी । लकी ड्रा के लिये समिति ने निर्णय लिया है कि 12 साईकिल मातृशक्ति को प्रदान की जायेगी 12 पुरूष वर्ग के लिये 01 श्रमिक वर्ग के लिये एक सायकल प्रिंट मीडिया, एक इलेक्ट्रानिक मीडिया, 02 वरिष्ठ नागरिक के साईकिल, इसी प्रकार एक सायकल सुंदर साज सज्जा वाली साईकिल लेकर आने वाले व्यक्ति को प्रदान की जायेगी । समिति के निर्णय अनुसार सायक्लोन की इस साईकिल रैली में शामिल होने वाले व्यक्तियों के लिये नगर के कुछ स्थानों पर रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था की गयी है जिसमें बाहुबलि होटल बारापत्थर, अपना बाजार डूंडासिवनी, सूजल जनरल स्टोर भैरोगंज, साहू साइकिल स्टोर नेहरू रोड, मार्डन स्कूल छिंदवाड़ा चौक, अग्रवाल मेडीकल बारापत्थर, डेनी जैन नेहरू रोड, संदीप चौरसिया नेहरू रोड, पीयुष शाह शुक्रवारी, गणेश चौक ऋषिकांत त्रिवेदी, बादल बैन, छिंदवाड़ा चौक एवं विनायक शर्मा दुर्गा चौक के पास रजिस्ट्रेशन कराया जा सकता है । समिति ने बैठक में तय किया है कि सायक्लोन के प्रमोशन के लिये समिति के सदस्य शैक्षणिक संस्थानों में संपर्क कर स्वास्थ्य वर्धक पुराने खेलों का आयोजन करेंगे एवं छात्र छात्राओं को पुरूस्कार भी प्रदान किया जायेगा । सायक्लोन के सफल आयोजन के लिये संपन्न बैठक में संतोष अग्रवाल, कपिल पांडे, श्री ठाकुर सर, सोम पाठक, संजय, अखिलेश पांडे, राज ठाकुर, नंदन श्रीवास्त्री, विनय सराफ, विपिन यादव, गोलू पंडित, आशीष सोनी, ऋषिकांत त्रिवेदी, गोलू शर्मा, मोनू मिश्रा, डेनी जैन, अनिल पटवा, संदीप चौरसिया, बादल बैन, विपिन शर्मा, विनायक शर्मा आदि की उपस्थिती रही ।

धरातल पर दम तोड़ रही पीएम आवास योजना

नगर पालिका के चक्कर लगाने को मजबूर हुए हितग्राही

सिवनी/नवप्रदेश। प्रधामनंत्री आवास योजना सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके माध्यम से गरीब जनता को पक्का आवास उपलब्ध करना था। शासन द्वारा गरीबों के हित में बनाई गई इस योजना के क्रियान्वयन में निचले स्तर के अधिकारी और कर्मचारियों की वजह से योजना धरातल पर दम तोड़ती नजर आ रही है। यूं तो शासकीय अधिकारी इस योजना को लेकर बड़े बड़े दावे करते नजर आ रहे हैं, पर वास्तव में इस योजना में कई गरीबों को आधे अधुरे मकानों में रहने को मजबूर कर दिया है।

हितग्राही हो रहे परेशान

आवास योजना के अंतर्गत प्रथम एवं दूसरी किस्त का भुगतान किया गया है। लेकिन तीसरी किस्त का भुगतान नही किया गया है। धरातल पर देखने को मिला है कि जिन हितग्राहियों को प्रथम किस्त का भुगतान किया गया था, उन हितग्राहियों में अपने कच्चे मकान तोड़ कर प्रथम किस्त की राशि से कुछ निर्माण कर अब दूसरी एवं तीसरी किस्त की आस में नगर पालिका कार्यालय के चक्कर महीनों से लगा रहे हैं। कई उपभोक्ता ने सीएम हेल्प लाइन पर शिकायत की तो नगर पालिकाकर्मियों ने उन उपभोक्ताओं को झूठे आश्वासन देकर शिकायत वापस करवा दी। ऐसे में उपभोक्ता अब भी आवास योजना में अपना बारी आने का इंतजार कर रहे है।

कर्मचारी कर रहे मनमानी, बेलगाम हुए सीएमओ

नगर पालिका में इन दिनों केवल मनमानी चल रही है जिससे शहर के वार्डवासी एवं आमजन परेशान होते रहते है। इस ओर सीएमओ का ध्यान नही जा रहा है। जिससे परेशान होकर वार्डवासी ने जिला कलेक्टर को लिखित शिकायत दी है। शिकायतकर्ता द्वारा बताया गया कि पीएम आवास योजनार्न्तगत हितग्राही को नगर पालिका के कर्मचारी शुभम सोनी, संजय अहिरवार नियम एवं मापदंड का हवाला दे रहे है जबकि शिकायतकर्ता का कहना है कि मकान पूर्ण हो गया है किंतु अभी तक तीसरी किश्त नही डाली गई।

नपा अध्यक्ष है बने अंजान

वर्षो बाद नगर पालिका सिवनी में कांग्रेसी नगर पालिका अध्यक्ष शफीक खान निर्वाचित हुए है लेकिन अध्यक्ष का पहला कर्तव्य यह है किन जनमानस की समस्याओं को शीघ्र निराकरण करें किंतु हितग्राही द्वारा बताया गया कि अध्यक्ष ही नगर पालिका में नही रहते है तो समस्या किसके पास लेकर जायेगें। और यदि समस्या लेकर जाते भी है तो शिकायत का निराकरण नही हो पाता।

एमएसएमई मंत्री काश्यप ने किया लघु उद्योग भारती के ब्राउसर का विमोचन

भोपाल/नवप्रदेश। एमएसएमई मंत्री श्री चैतन्य काश्यप ने लघु उद्योग भारती के नवीन ब्रोशर का विमोचन किया। लघु उद्योग भारती के श्री अरुण सोनी ने बताया कि लघु उद्योग भारती सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों के क्षेत्र में पिछले 29 वर्षो से कार्य कर रही है। मध्य प्रदेश में सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों का विस्तार अधिक से अधिक किस प्रकार हो सके एवं उद्योगों में आने वाली समस्याओं का निराकरण शीघ्र करने के लिये एक वृहद बैठक का आयोजन लघु उद्योग भारती प्रदेश कार्यालय में एमएसएमई मंत्री की उपस्थिति में किया गया। प्रमुख रूप से फ्री होल्ड भूमि एवं प्रॉपर्टी टैक्स के विषय सहित अन्य विषयों को रखा गया। बैठक में मंत्री श्री काश्यप ने कहा कि यह सरकार उद्योगों के विकास के लिए हमेशा तत्पर रही है और आगे भी तत्पर रहेगी। प्रयास रहेगा कि इनके विकास के लिए जो भी कार्य करने पड़ेंगे वह लघु उद्योग भारती को साथ में लेकर आगामी समय में अवश्य करेंगे। उन्होंने कहा कि लघु उद्योग भारती सरकार के साथ मिलकर छोटे उद्योगों के लिए अच्छा कार्य कर रही है जिसके कारण प्रदेश में छोटे-छोटे लोगों को रोजगार मिल रहा है। बैठक में लघु उद्योग भारती के प्रदेश अध्यक्ष श्री राजेश मिश्रा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष श्री महेश गुप्ता, श्री सोबरन सिंह तोमर श्री सतीश मुकाती, श्री विनोद नायर, सुश्री सीमा शर्मा एवं श्री दिनेश गुप्ता, सुश्री रश्मि गुर्जर सहित अनेक उद्यमी एवं महिला सदस्य की उपस्थित

महावीर व्यायाम शाला द्वारा राम भक्तों का किया स्वागत

सिवनी/नवप्रदेश। महावीर व्यायाम शाला सुभाष वार्ड में अमरावती महाराष्ट्र से पधारे राम भक्तों का स्वागत किया गया एवं उनका अतिथि सत्कार किया गया राकेश मालवीय प्रचार प्रसार प्रमुख विश्व हिंदू परिषद ने जानकारी देते हुए बताया कि 9 जनवरी 23 से अमरावती महाराष्ट्र से साइकिल चला कर कुल 8 यात्री अयोध्या धाम जाने के लिए। निकले जिनमे सर्वश्री मेजर राजेन्द्र सिंह बघेल,प्रदीप बाबू राव बढरे,हर्ष पाली,राजीव चौधरी, ठाकुर सूरज सिंह परिहार, दीपक पाली,दीपक दुबे , नरेश दुबे शामिल हैं ,11 तारीख को इन यात्रियों का अमरावती पांढुर्ना जाम साबरी,सौसर,छिंदवाड़ा होते हुए सिवनी आगमन हुआ, इन यात्रियों को महावीर व्यायाम शाला सुभाष वार्ड सिवनी के स्वयंसेवक व पदाधिकारीयों द्वारा नगर सीमा में अभिनंदन किया गया , अमरावती से पधारे इन रामभक्तों का संस्था प्रांगण में संस्था पदाधिकारियों द्वारा शाल श्रीफल व फूल मालाओं से स्वागत किया गया इस अवसर पर मुख्य रूप से संस्था अध्यक्ष प्रसन्नचंद मालू ,सचिव हीरा लाल सोनी ,संरक्षक रामायण सनोडिया,वरिष्ठ स्वयंसेवक छिददी लाल श्रीवास, चंचल दास आहूजा,संचालक धीरज पाल, उपसंचालक अंकित मिश्रा, सोहनलाल सेन,सौरभ सोनी, अभिषेक सोनी और सभी विधाओं के स्वयंसेवक उपस्थित रहे। संस्था अध्यक्ष श्री मालू द्वारा अमरावती से पधारे रामभक्तों को संस्था से अवगत कराते हुए उनकी मंगलमय यात्रा की कामना की गई, सचिव हीरा लाल सोनी ने राम से बड़ा राम का नाम की व्यख्या करते हुए राम नाम के सहारे अयोध्या तक यात्रा को समझाया ,वरिष्ठ स्वयंसेवक छिददलाल श्रीवास ने साइकल यात्रियों के हौसले को कविता के माध्यम से बधाई प्रेषित की उपसंचालक अंकित मिश्रा द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया कार्यक्रम का संचालन संस्था संचालक धीरज पाल द्वारा किया गया। यात्रीयों के भोजन पश्चात रात्रि विश्राम की व्यवस्था संस्था प्रांगण में ही की गई ,यात्रियों के ओढ़ने बिछाने की व्यवस्था श्री ओम सोलंकी द्वारा की गई थी, रात्रि विश्राम पश्चात आज सुबह श्री माता राजेश्वरी मंदिर दुर्गा चौक समिति द्वारा साइकिल यात्रीयों का स्वागत किया गया, मंदिर के पंडित जी द्वारा मंत्रोच्चार के साथ माता रानी से इन यात्रियों के लिए नारियल व माता की चुनरी भेंट कर मंगलमय यात्रा हेतु प्रार्थना कर सिवनी नगर से विदाई दी गई।

निजी बैंक का लोन चुकाने के लिए करते थे बाइक चोरी

सिवनी/नवप्रदेश। सिवनी जिले के आदिवासी बाहुल्य विकास खंड घंसौर में बाइक चोरी करने वाले गिरोह के दो चोरों को घंसौर पुलिस ने पकड़ा है। जिनके पास से चोरी की तीन बाइक जप्त की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घंसौर पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि कुछ लोग चोरी की बाइक लेकर उन्हें बेचने की फिराक में घूम रहे हैं। जहां पुलिस ने दबिश देते हुए दो लोगों को हिरासत में लिया। जिनसे पूछताछ करने पर उन्होंने बाइक चोरी करना कबूल किया। और बताया कि उन्होंने निजी बैंक से लोन लिया था। जिसे चुकाने के लिए वह बाइक चोरी करते थे। और बाइक चुराकर बेच दिया करते थे। जिनके पास से तीन बाइक जब्त की गई है। वहीं पूछताछ में और भी खुलासे होने की उम्मीद जताई जा रही है। घंसौर थाना प्रभारी चेनसिंह उइके ने बताया कि जिन लोगो को गिरफ्तार किया गया है। उनमें कृष्ण कुमार पिता राजकुमार परते निवासी पथरिया, नीलेश पिता गोपाल पटेल निवासी थांवरी शामिल है।

वन विहार राष्ट्रीय उद्यान-जू में अनुभूति शिविर का आयोजन

भोपाल/नवप्रदेश। मध्यप्रदेश शासन वन विभाग द्वारा अनुभूति कार्यक्रम 2023-24 के अंतर्गत वन, वन्यप्राणी एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश ईको पर्यटन विकास बोर्ड के समन्वय से आयोजित प्रशिक्षण सह जागरूकता शिविर का आयोजन हुआ। वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में आयोजित द्वितीय शिविर में शासकीय नवीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बागसेवनिया भोपाल के 115 विद्यार्थियों एवं 5 विद्यालयीन स्टाफ सहित कुल 120 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

शिविर में सम्मिलित हुये प्रत्येक बच्चे को अनुभूति वैग, केप, पठनीय सामग्री, स्टीकर, पेन, ब्रोशर, बैच प्रदान किये गये। शिविर के प्रारंभ में में भी बाघ% गीत, प्रतिभागियों द्वारा गाया गया। साथ ही विद्यार्थियों को पक्षी दर्शन, वन्यप्राणी दर्शन, प्रकृति पथ भ्रमण एवं वन, वन्यप्राणी व पर्यावरण से संबंधित रोचक गतिविधियों कराई गई तथा जानकारी प्रदान कर उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया गया। नवाचार के रूप में रेस्क्यू गतिविधियों का प्रदर्शन किया गया, प्रतिभागियों ने पेपर का बाघ मॉडल बनाया तथा बगैर सिले कपडे से थैला बनाने की विधि सिखाई गई।

शिविर में हुई स्पॉट क्विज में प्रथम शुभाक जाटव, द्वितीय पायल रघुवंशी एवं तृतीय पूजा कुशवाह रहीं। विद्यार्थियों को वन्यप्राणियों को कैसे रेस्क्यू किया जाता है। इसके सम्बंध में रेस्क्यू वाहन के माध्यम से रेस्क्सू टीम द्वारा अवगत कराया गया। शिविर के दौरान छात्र-छात्राओं को औषधीय पौधों सम्बंधी जानकारी म.प्र. राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा प्रदाय किये गये सेम्पल के माध्यम से दी गई। कार्यक्रम के अंत में शिविर में सम्मिलित बच्चों को शपथ दिलाई जाकर पुरस्कार तथा प्रमाण पत्र वितरण किये गये।

अनुभूति कार्यक्रम के मास्टर ट्रेनर के रूप में श्री ए.के. खरे, सेवानिवृत उप वन सरक्षक डॉ. एस.आर. बाघमारे सेवा निवृत उप वन संरक्षक उपस्थित रहे। कैम्प का संचालन सहायक संचालक वन विहार श्री एस.के. सिन्हा द्वारा किया गया। इस दौरान श्री विजय नंदवंशी बायोलॉजिस्ट एवं अन्य अधिकारी / कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

मंदिर स्वच्छता अभियान अनवरत रहेगा जारी- मंत्री सारंग

प्रधानमंत्री मोदी के आवाह्न पर मंदिर स्वच्छता अभियान की शुरूआत

मंत्री सारंग ने अशोका गार्डन स्थित दुर्गा धाम मंदिर में की स्वच्छता सेवा

भोपाल/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आवाह्न पर सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने शनिवार को नरेला विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 69 में अशोका गार्डन स्थित श्री दुर्गा धाम मंदिर में स्वच्छता सेवा की। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को वर्षो की प्रतीक्षा समाप्त होने जा रही है। अयोध्या में प्रभु श्री राम भव्य मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने प्राण-प्रतिष्ठा से पूर्व तक देश के तीर्थ स्थानों एवं मंदिरों की साफ-सफाई करने और स्वच्छता का अभियान चलाने की अपील की है। इसके निमित्त नरेला विधानसभा के सभी मंदिरों में स्वच्छता अभियान को प्रारंभ किया गया है। मंत्री श्री सारंग ने बताया कि नरेला विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सभी मंदिरों में स्वच्छता अभियान 22 जनवरी के बाद भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि हमारे मंदिर हमारी आस्था के केंद्र हैं, उन्हें स्वच्छ और सुंदर रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के आवाह्न के साथ ही अब संपूर्ण नरेला विधानसभा में हर मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाकर उन्हें स्वच्छ और सुंदर बनाया जायेगा।

नरेला के हर-घर में मनेगा दीपोत्सव

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि 22 जनवरी का दिन सभी देशवासियों के लिये सौभाग्य का दिन है। इस दिन रामलला भव्य मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं। पूरे विश्व में यह दिन दीपोत्सव के रूप में मनाया जायेगा। उन्होंने बताया कि संपूर्ण नरेला विधानसभा में दीपोत्सव सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। हर घर, हर मंदिर, हर प्रतिष्ठान में दीपक जलाने के साथ ही प्रभात फेरियां निकाली जायेगी एवं भजन-कीर्तन सहित संपूर्ण नरेला विधानसभा में विभिन्न धार्मिक आयोजन होंगे। नरेला विधानसभा राममय और भक्तिमय होगी।

विकसित भारत संकल्प यात्रा में नागरिकों को दिलाया संकल्प

मंत्री श्री सारंग नरेला विधानसभा अंतर्गत वार्ड 58 जनता क्वार्टर में विकसित भारत संकल्प यात्रा अतंर्गत आयोजित शिविर में शामिल हुए। मंत्री श्री सारंग ने विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों से संवाद किया एवं शिविर का अवलोकन किया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक यशवंत धोटे द्वारा हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित एवं फ्लैट नंबर 402 , कौशल्या विहार , नेपियर टाउन , 482001 से प्रकाशित, मो. 6262188999 (न्याय क्षेत्र जबलपुर) ।